# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी















आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹100046/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹122190/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹133382/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


# संघ प्रमुख भागवत बोले- लव जिहाद मतांतरण से सावधान रहने की जरूरत

राजधानी रायपुर के श्री राम मंदिर में गुरुवार को सामाजिक सद्भाव बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा, समाज में आपस में सहयोग बढ़े इसका सभी को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, लव जिहाद, मतांतरण से सावधान रहने की बड़ी जरूरत है। पंच परिवर्तन पर उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। बैठक में विभिन्न जाति, समाज, पंथ के पांच सौ से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सामाजिक सद्भाव बैठक में पंच परिवर्तन पर की गई लंबी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डॉ. भागवत ने कहा, भारत में सर्वत्र लोग अपनी-अपनी आस्था और आचरण के साथ सद्भाव के कारण एक साथ रहते हैं। घर का काम करने वाले नौकर को भी उस घर के बच्चे चाचा कहते हैं। उसे पूरा सम्मान देते हैं, यह सद्भाव कई वर्षों से चला आ रहा है। अपनी-अपनी विशिष्टता के साथ आगे बढ़ने की अपने यहां पूर्ण स्वतंत्रता है, दूसरे का भी सम्मान करें। जहां सद्भावना पक्की है वहां बिगाड़ने वालों की नहीं चलेगी। तोड़ने वाली शक्तियां असफल हों इसके लिए हमें प्रयास करना ▶▶| शेष पेज 7 पर



### हर समाज में मित्र कुटुंब बनाएं

हमारे बीच के जो लोग दुर्बल या वंचित हैं उनके सशक्तिकरण के लिए कुछ कर सकते हैं क्या। हर बैठक में तय करके आगे बढ़ना, हम समर्थ हैं तो हमारा सामर्थ्य उनके उपयोग में आना चाहिए। हमारा पूरा समाज एक है, जाति पंथ उसके अंग है, जिस प्रकार पूरा शरीर एक है, इसी तरह हमारी पृथक आस्था व आचरण होने के बाद भी हमारी अस्मिता एक हैं। हम अपनी जाति बिरादरी की उन्नति के लिए क्या करते हैं, इसके बाद एक बड़ा समाज है उसकी उन्नति के लिए क्या कर सकते हैं। हम सभी जाति, पंथ बिरादरी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पानी बचाएं, प्लास्टिक का उपयोग कम करें

*तीसरा, पर्यावरण संरक्षण का विषय है। पानी बचाइए, प्लास्टिक का उपयोग कम करें, पेड़ लगाइए। यह कार्य तो हम सब व्यक्तिगत स्तर पर कर सकते हैं। चौथा, घर में अपनी भाषा बोलेंगे, कोई एक भारतीय भाषा सीखेंगे। अपने घर में मातृभाषा में बातचीत करना तथा अपना वेश पहनना चाहिए। अपनी वेशभूषा पहनना ही भूल गया यह तो उचित नहीं है। अपने घर में अपने आदर्श, महापुरुष, संत की फोटो होनी चाहिए। देश दुनिया में भ्रमण करना चाहिए किन्तु अपने आसपास* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सर्व समाज के साथ भोजन

इस अवसर पर विविध जाति, पंथ और समाजों के प्रतिनिधियों के साथ डॉ मोहन भागवत ने पंगत में भोजन किया। सामाजिक सद्भाव बैठक में विभिन्न समाज के लोगों ने अपने समाज में हो रहे सामाजिक कार्यों के प्रेरक उदाहरण साझा किए। सामाजिक सद्भाव बैठक की प्रस्तावना मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना ने प्रस्तावना एवं प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. मोहन भागवत गुरुवार को शाम को रायपुर के तीन दिनों के प्रवास के बाद वापस लौट गए।

## खबर संक्षेप

### कमर्शियल सिलेंडर महंगा विमान ईंधन सस्ता

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमत में 7.3 प्रतिशत की कटौती की गई जबकि वाणिज्यिक एलपीजी 111 रुपए प्रति सिलेंडर महंगा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन खुदरा विक्रेताओं के अनुसार, दिल्ली में एटीएफ की कीमत 7,353.75 रुपए प्रति किलोलीटर या 7.3 प्रतिशत की कटौती के साथ 92,323.02 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई। कीमतों में तीन महीने लगातार बढ़ोतरी करने के बाद यह कटौती गई।

## हाईकोर्ट में आज से नया रोस्टर

# 14 सिंगल, 4 डिवीजन और 2 स्पेशल बेंच में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

शीतकालीन अवकाश के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 2 जनवरी 2026 से नया रोस्टर लागू किया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न श्रेणियों के मामलों की सुनवाई शुरू होगी। नए रोस्टर के अनुसार हाईकोर्ट में चार डिवीजन बेंच, दो स्पेशल बेंच और कुल 14 सिंगल बेंच गठित की गई हैं। पहली डिवीजन बेंच में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा शामिल होंगे। यह बेंच जनहित याचिका (पीआईएल), रिट अपील और हैबियस कॉर्पस से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगी। दूसरी डिवीजन बेंच में जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस संजय जायसवाल को जिम्मेदारी दी गई है। यह बेंच उन आपराधिक मामलों की ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सिंगल बेंचों में ये नामित

जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू, जस्टिस दीपक तिवारी, जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय, जस्टिस बीडी गुरु, जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल सहित कुल 14 सिंगल बेंचों को विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई के लिए नामित किया गया है। नए रोस्टर के लागू होने के साथ ही हाईकोर्ट में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे की उम्मीद जताई जा रही है।

# बीड़ी, सिगरेट और पान मसाला पर जेब होगी ढीली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू होंगे। वित्त मंत्रालय द्वारा 31 दिसंबर 2025 को जारी अधिसूचनाओं के अनुसार, तंबाकू और पान मसाला पर लगने वाले नए कर, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अतिरिक्त होंगे। ▶▶| शेष पेज 7 पर



सरकार के फैसले का असर

### सिगरेट कंपनियों के शेयर गिरे

सिगरेट पर नई एक्साइज ड्यूटी लगाने की अधिसूचना जारी करने के बाद सिगरेट कंपनियों के शेयरों में गुरुवार को जोरदार गिरावट आई है। बाजार की दिग्गज कंपनी आईटीसी, जो देश की सबसे बड़ी सिगरेट निर्माता है, उसके शेयरों में शुरुआती कारोबार के दौरान ही 4% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। सुबह 11 बजे आईटीसी के शेयर 6.45 फीसदी की गिरावट के साथ 376.55 रुपए पर कारोबार कर रहा था। वहीं, गॉडफ्रे फिलिप्स शेयर 10.33 फीसदी की गिरावट के साथ 2478.30 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

### राजस्थान सीमा पर पाक घुसपैठिया पकड़ा गया

**जयपुर।** बीएसएफ ने जैसलमेर जिले में कथित तौर पर सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। घुसपैठिए को नचना और नोख सेक्टर से लगे इलाके से पकड़ा गया। प्रथम दृष्टया घुसपैठिए के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का संदेह है हालांकि विस्तृत चिकित्सकीय जांच और संयुक्त पूछताछ केंद्र द्वारा पूछताछ के बाद ही उसकी वास्तविक स्थिति और पृष्ठभूमि की पुष्टि हो सकेगी।

### मकरविलक्कु तीर्थयात्रा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**सबरीमला।** सबरीमला सन्निधानम में जारी मकरविलक्कु उत्सव के बीच नव वर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं ने भगवान अय्यप्पा के दर्शन किए। केरल पुलिस कर्मियों ने अग्निशमन बल, त्वरित कार्रवाई बल और अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर हैप्पी न्यू ईयर शब्दों में सजाए गए कपूर को जलाकर नव वर्ष का स्वागत किया।



### 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए तीन करोड़ पंजीयन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के नौवें संस्करण में भाग लेने के लिए अब तक तीन करोड़ पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। चयन के लिए एक दिसंबर से 11 जनवरी तक 'माई गवर्नमेंट' पोर्टल पर बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली एक ऑनलाइन प्रतियोगिता चल रही है। छठी से 12 वीं कक्षा तक के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं।








| कुल प्राप्य प्रीमियम | विलंब शुल्क में % रियायत | अधिकतम रियायत उपलब्ध** |
|---|---|---|
| ₹ 1,00,000 तक | 30% | ₹ 3,000 |
| ₹ 1,00,001 से ₹ 3,00,000 तक | 30% | ₹ 4,000 |
| ₹ 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹ 5,000 |



नए साल का आगाज के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक पिकनिक मनाने और टूरिस्ट प्लेस का दीदार करने के लिए बस्तर पहुंचने लगे हैं। हालांकि गुजरते साल को विदा करने के लिए भी काफी पर्यटक दो- तीन दिन से मौजूद थे। सबसे ज्यादा भीड़ बस्तर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल तीरथगढ़, चित्रकोट जलप्रपात, लामनी पार्क पर पहुंच रही है। सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में नए साल का आगाज करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं।

# नए साल का जश्न मनाने बस्तर के पर्यटन स्थलों पर पहुंचे देशी-विदेशी पर्यटक

## तीरथगढ़ जलप्रपात पर तीन स्टेप में होकर नीचे गिरता है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तीरथगढ़ सहित आसपास के प्राकृतिक स्थलों पर भी सैलानियों की भीड़ उमड़ रही है। तीरथगढ़ जलप्रपात अपनी ऊंचाई और प्राकृतिक मोहक दृश्यों के लिए जाना जाता है। तीरथगढ़ जलप्रपात में मुनगाबहार नाला गिरता है, जो आगे जाकर कांगेर नाला होते हुए शबरी नदी में मिल जाता है। तीरथगढ़ जलप्रपात की ऊंचाई लगभग 100 फीट है, जो तीन स्टेप में होकर नीचे गिरती है। वहीं पर्यटन केन्द्रों में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किए गए हैं।





### विश्वभर में मशहूर तीरथगढ़ जलप्रपात

जलप्रपात को देखने पहुंचे पर्यटक ने कहा कि बस्तर का तीरथगढ़ जलप्रपात काफी खूबसूरत है। बस्तर दौरा का काफी अच्छा अनुभव दे रहा है, जलप्रपात का दृश्य काफी मनोरम है। बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता की एक अलग ही छाप पर्यटकों पर है। इस कारण नए साल की शुरूआत करने के लिए बस्तर पहुंचे हैं। बस्तर में माओवादियों के नाम से पहले डर लगता था, लेकिन कोई भी परेशानी नहीं हुई है।

### सपने के सच होने जैसा लगा

एक पर्यटक ने बताया कि कोलकाता से अपने परिवार के साथ बस्तर आया हैं। बस्तर के जलप्रपातों के विषय में ही सुना था। करीब से देखा तो सपने के सच होने जैसा लगा, अब दूसरे को भी बताएंगे कि बस्तर काफी खूबसूरत है।

## खबर संक्षेप

### प्रार्थना सभा में धर्मांतरण की कोशिश, मामला दर्ज

**बिलासपुर।** बीती रात प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर हिन्दू लोगों को धर्मान्तरण कराने की कोशिश करने वाले पास्टर के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, जोंधरा निवासी बजरंग दल के कार्यकर्ता आत्मा आनंद पिता कामता प्रसाद 26 साल को 31 दिसंबर की रात 11 बजे सूचना मिली गांव का पास्टर सुखनंदन लहरे अपने घर में भोले ग्रामीण हिन्दूओं को भोजन व स्वास्थ का प्रलोभन देते प्रार्थना सभा के आड़ में ईसाई धर्म में धर्मांतरण कराने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पचपेड़ी थाना जाकर घटना की शिकायत की। उसके बाद प्रभारी राज सिंह स्टाफ के साथ वहां पहुंचे। पूछताछ में पास्टर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, उसने प्रार्थना सभा आयोजित करने के लिए शासन से अनुमति नहीं ली थी। पुलिस ने कार्यकर्ता आत्मा आनंद की रिपोर्ट पर पास्टर सुखनंदन लहरे के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 35 हजार जुर्माना

**भाटापारा।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन जब्त किया। यातायात शाखा भाटापारा द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 3 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 3 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए इनके वाहन विधिवत जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां 2 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10-10 हजार अर्थदंड, 1 प्रकरण में 15 हजार अर्थदंड का आदेश दिया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### सट्टा नेटवर्क चला रहा सरगना सूरज गिरफ्तार

**बेमेतरा ।** थाना बेरला क्षेत्र में वर्षों से सट्टा चलाने वाला सरगना सूरज सोनी मामले का खुलासा तब हुआ जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम करेली स्थित पानी टंकी के पास नर्सरी क्षेत्र में सट्टा-पट्टी लिखी जा रही है। थाना बेरला पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां हरीश कुमार डेहरे को अंकों पर रुपये-पैसों का दांव लगवाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि वह सीधे तौर पर सूरज सोनी के निर्देश पर सट्टा लिख रहा था। पुलिस ने मौके से 5,450 रुपये नगद, सट्टा-पट्टी एवं पेन जब्त कर छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत प्रकरण दर्ज किया। घटना के बाद से फरार चल रहे मुख्य आरोपी सूरज सोनी पिता स्व. भूखन लाल सोनी, उम्र 51 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 02 बेरला को पुलिस ने 31 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से सट्टा कारोबार बेखौफ चल रहा था।

## वर्ष 2026 की शुभ शुरुआत : भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन

# छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहर को मिलेगी नई पहचानः सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को कबीरधाम ज़िले के भोरमदेव धाम में आयोजित कार्यक्रम में भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए वर्ष की शुरुआत ऐसे ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कार्य से होना छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है। भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना राज्य की प्राचीन धरोहर को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का प्रतीक है। कबीरधाम जिले के इस भोरमदेव धाम में महादेव शिव की आराधना, अतुलनीय प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एक साथ दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन किया जा रहा है। यह परियोजना लगभग 146 करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे बेहतर शुरुआत नए वर्ष की नहीं हो सकती थी और इस परियोजना के लिए उन्होंने समस्त छत्तीसगढ़वासियों को बधाई दी।



### हजार वर्षों की साधना, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक

भोरमदेव मंदिर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरे-भरे वनांचल के बीच स्थित इस मंदिर को "छत्तीसगढ़ का खजुराहो" कहा जाता है। यह केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि हजार वर्षों की साधना, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। यहाँ भगवान शिव की पूजा भोरमदेव के रूप में की जाती है, जहाँ शैव दर्शन, लोक आस्था और आदिवासी परंपराएँ एक साथ मिलकर भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।



### प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिनः शेखावत

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भोरमदेव महोत्सव स्थल पर कॉरिडोर के भूमिपूजन के बाद सभा को संबोधित करते हुए कबीरधाम जिले सहित पूरे प्रदेश के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि बीते दो वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को धरातल पर उतारते हुए विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी बाधा थी, जिसे समाप्त करने का बीड़ा राज्य सरकार ने उठाया है और आज प्रदेश नक्सलवाद की समाप्ति की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के नागरिकों में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि भारत को कमजोर करने वाली किसी भी ताकत या षड्यंत्र को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध लिए गए कठोर निर्णयों ने देश की सुरक्षा नीति को नई मजबूती प्रदान की है।

दस्ता दुर्गम पहाड़ी रास्तों पर कर रहा था सर्चिंग

# सर्चिंग के दौरान जवान पर जंगली सुअर का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर-कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र के जंगलों में सर्चिंग के दौरान एक पुलिस जवान पर वन्यप्राणी सुअर ने हमला कर दिया गया। हमले से घायल जवान का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। कुल्हाड़ीघाट-राजाडेरा के खतरनाक और घने जंगलों में गश्त के दौरान अचानक एक खूंखार जंगली सुअर ने झाड़ियों से निकलकर जवान प्रभाकर द्विवेदी पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब पुलिस बल का दस्ता राजाडेरा के संवेदनशील और दुर्गम पहाड़ी रास्तों पर सर्चिंग कर रहा था, तभी घात लगाकर बैठे जंगली सुअर ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। इस अप्रत्याशित हमले में जवान को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद साथ मौजूद अन्य जवानों ने सतर्कता बरतते हुए जंगली सुअर को भगाया और घायल साथी को प्राथमिक उपचार दिया। जवान प्रभाकर द्विवेदी को तत्काल जंगल से निकालकर मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।



### जंगलों में वन्यप्राणियों का बढ़ा खतरा

उल्लेखनीय है कि मैनपुर और उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से लगे इन क्षेत्रों में जंगली सुअरों और अन्य हिंसक वन्यप्राणियों की मौजूदगी काफी अधिक है। घने जंगल और झाड़ियों के कारण अक्सर गश्त पर निकले सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के लिए खतरा बना रहता है। इस घटना के बाद वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में गश्त के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

## दो आईटीआई छात्रों की मौत

# सड़क हादसों में छह लोगों की गई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

देर शाम अंबागढ़ चौकी के ग्राम मेटेपार में 14 चक्का ट्रक में मोहला विकासखंड के ग्राम कंदाडी निवासी दो आईटीआई छात्र घर वापसी के दौरान जा घुसे और दम तोड़ दिया। दो दिनों से भिलाई से सरिया लेकर हैदराबाद के लिए निकली 14 चक्का ट्रक सड़क पर खड़ी हुई थी। मोहला विकासखंड के ग्राम कंदाडी निवासी मोहला आईटीआई के दो छात्र सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एएच 4943 से उक्त खड़ी ट्रक में जा घुसे। हादसे में दोनों युवाओं की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना उपरांत मृतक के रूप में सेवन चिराम पिता जयसिंग चिराम 22 वर्ष जाति हल्बा व फकीर खरे पिता नंदकुमार खरे 22 साल निवासी कंदाडी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बताया गया कि दोनों युवक गांव से खरखरा बांध पिकनिक के लिए निकले हुए थे, वापसी के दौरान तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार मेटेपार गांव में खडी ट्रक में जा घुसे। हादसे में घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी अश्वनी राठौर की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों युवाओं के शव को घटनास्थल से उठाकर अंबागढ़ चौकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाते हुए परिजनों को खबर किया।

### दो बाइक में जोरदार भिड़ंत 2 ने दम तोड़ा

**राजनांदगांव।** साल के अंतिम दिन बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। घोघरे पुलिया के पास दो बाइक में जबर्दस्त भिड़ंत होने से दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। दोनों मृतक एक ही गांव के हैं। उक्त घटना से नववर्ष की खुशियां गांव में मातम में बदल गई। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती देर शाम बाइक में सवार होकर आ रहे गणेश मंडावी 21 वर्ष व गितेश 32 वर्ष दोनों ग्राम भंडारपुर निवासी अपने घर की ओर आ रहे थे। वे ग्राम घोघरे पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। बताया गया कि इस घटना में दोनों बाइक सवार तीन लोगों को गंभीर चोंटे आई थी।

### जिला बदर व रिकवरी एजेंट की अस्पताल में मौत

**धमतरी।** वर्ष 2025 की 31 दिसम्बर को दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय मोटर स्टैण्ड वार्ड धमतरी निवासी हिमांचल गौतम पिता फणेन्द्र उम्र 20 वर्ष 31 दिसम्बर की रात्रि अपने साथी हंसराज मेश्राम के साथ मोटरसाइकिल में दूसरे साथी यश सोनी को लेकर बस स्टैण्ड की तरफ गए थे। घर लौटते समय सदर मार्ग में मठ मंदिर चौक के पास बाइक गिर गई। घटना में हिमांचल को गंभीर चोट लगी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में आनंदपारा रूद्री निवासी धर्मेन्द्र साहू पिता रूपसिंह उम्र 40 वर्ष बैंक आफ बड़ौदा धमतरी का लोन रिकवरी एजेन्ट ग्रामीण क्षेत्र से घर रूद्री लौट रहा था। सनौद थाना क्षेत्र के अमलीडीह के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। अस्पताल में युवक की मौत हो गई।

### फेक एप से पेमेंट का झांसा दो नाबालिग पकड़े गए

**गंडई पंडरिया।** तकनीक के दौर में जहां डिजिटल लेनदेन आसान हुआ है, वहीं शातिर ठगों ने छोटे व्यापारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। गंडई में फर्जी ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर ठगी करने वाले दो नाबालिग लड़कों को व्यापारियों की तत्परता और पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार गंडई के दो व्यापारियों ने थाने में टेलीफोनिक शिकायत दर्ज कराई कि दो लड़के उनकी दुकान पर पहुंचे और सामान खरीदने के बाद ऑनलाइन भुगतान करने का दावा किया। लड़कों ने बड़ी चालाकी से अपने मोबाइल स्क्रीन पर सक्सेसफुल पेमेंट का मैसेज दिखाया, जिसे देखकर दुकानदारों ने उन्हें जाने दिया किन्तु जब व्यापारियों ने बैंक बैलेंस चेक किया, तो पता चला कि खाते में राशि जमा नहीं हुई थी। धोखाधड़ी का अहसास होते ही दुकानदारों ने पीछा कर दोनों लड़कों को धर दबोचा और पुलिस को सूचना दी।

# राइस मिल मालिक और पिरदा उपार्जन केन्द्र प्रभारी के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

## पिरदा धान खरीदी केंद्र में खपाने लाये गए धान को किया गया ज़ब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पिथौरा विकासखण्ड के धान घोटाले के लिए बहुचर्चित धान खरीदी केंद्र पिरदा में बीती रात अवैध धान तस्करी के गंभीर मामले में बसना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 10:30 बजे लगभग बाहर से अवैध रूप से धान लाकर मंडी परिसर में उतारा जा रहा था। धान को राइस मिल से लाकर खरीदी केंद्र में खपाने की कोशिश की जा रही थी। गांव के कोटवार द्वारा आवाज लगाने तथा एसडीएम व तहसीलदार के निर्देश के बावजूद मंडी गेट नहीं खोला गया। गेट अंदर से बंद रखा गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार ललित सिंह ने साहस और तत्परता दिखाते हुए गेट का ताला तुड़वाकर जांच शुरू कराई। इस कार्रवाई में एसडीएम तथा बसना थाना प्रभारी के सहयोग से मौके पर जांच की गई।




अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में धान खरीदी प्रभारी रोहित पटेल एवं मंडी प्रबंधक की अहम् भूमिका बताई जा रही है। जब प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तो गेट नहीं खोला गया और कई लोग दीवार फांदकर भागते नजर आए। तहसीलदार और एसडीएम के अनुसार सूचना मिलते ही प्रशासनिक दल मौके पर पहुंचा। इस दौरान एक स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 जीएस 8219, दूसरी कार सीजी 06 एचए 8702 तथा धान से भरी गाड़ी सीजी 06 जीआर 8702 मौके पर मिली। जांच में पाया गया कि यह पुराना धान था, जिसे देर रात मालती राईस मिल से लाकर खरीदी केंद्र में खपाया जा रहा था। पुलिस एवं प्रशासनिक टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर लिया है और पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच की जा रही है।

## शहर के 21 थाने कमिश्नरी में होंगे, रायपुर ग्रामीण के लिए होंगे अलग एसपी

# रायपुर पुलिस कमिश्नरी तीन हिस्सों में बंटेगी, मध्य, पूर्व और पश्चिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने का ऐलान कर दिया गया है। 23 जनवरी, सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली की शुरुआत कर दी जाएगी। इंदौर और उत्तर प्रदेश के शहरों में लागू पुलिस कमिश्नर प्रणाली के आधार पर रायपुर में इसे लागू किया जा रहा है। सिस्टम कैसा होगा, अभी तय नहीं हुआ है, पर कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नर प्रणाली में तीन हिस्सों में रायपुर पुलिस की कमिश्नरी बंटेगी। मध्य, पूर्व और पश्चिम हिस्सा होगा है। नए सिस्टम में कमिश्नर के अंडर एडिशनल डीसीपी होंगे और 21 एसीपी रहेंगे, ये डीएसपी रैंक के अफसर होंगे। कहा जा रहा है कि कमिश्नर मुख्यालय में तीन डीसीपी नियुक्त किए जाएंगे। यह क्राइम, प्रोटोकॉल, ट्रैफिक, अजाक और महिला अपराध जैसे विंग देखेंगे। रायपुर नगर निगम और बिरगांव नगर निगम क्षेत्र कमिश्नरी का हिस्सा होंगे। रायपुर ग्रामीण के लिए अलग एसपी होंगे।


रायपुर की पुलिसिंग में बड़ा बदलाव, पुलिस कमिश्नरी पर लगी मुहर, 23 जनवरी से होगी लागू



### होंगे ये बदलाव

23 जनवरी से लागू होने वाली कमिश्नरी प्रणाली 1में कमिश्नर को कलेक्टर की तरह 17 अधिकार दिए जाएंगे। पुलिस कमिश्नर आर्म्स एक्ट, धारा 144 लगाने जैसे अधिकार का उपयोग खुद कर सकता है, पहले इसके लिए कलेक्टर की अनुमति लेने की आवश्यकता होती थी। गन लाइसेंस लेने के लिए सीधे कमिश्नर को आवेदन किया जा सकता है। यूएपीए एक्ट, अनैतिक देह व्यापार, मानव तस्करी, मोटर व्हीकल एक्ट, कारागार अधिनियम, पॉइजन एक्ट, कैटल ट्रेस पास एक्ट समेत कुछ अन्य अधिकार कमिश्नर को दिए जा सकते हैं।

### शहर के 21 थाने होंगे शामिल

पुलिस सूत्रों के मुताबिक रायपुर के सिविल लाइन, तेलीबांधा, देवेंद्र नगर, पंडरी, कोतवाली, गोलबाजार, गंज, मौदहापारा, पुरानी बस्ती, राजेंद्र नगर, टिकरापारा, डीडी नगर, आजाद चौक, सरस्वती नगर, आमानाका, कबीर नगर, खमतराई, गुढ़ियारी, उरला, धरसीवा और खमारडीह थाने कमिश्नर प्रणाली में शामिल किए जा सकते हैं। रायपुर जिले के आरंग, तिल्दा, खरोरा अभनपुर, नया रायपुर और माना क्षेत्र रायपुर ग्रामीण एसपी के अधीन होगा।


### सीधे डीजीपी को देंगे रिपोर्ट

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली बड़े शहरों में कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लागू की जाती है। इसके तहत शहर की सुरक्षा और प्रशासन की जिम्मेदारी एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को सौंपी जाती है। इसे कमिश्नर प्रणाली कहा जाता है। इसके तहत कमीशन को सुरक्षा और कानून व्यवस्था का संचालन करने विशेष अधिकारी मिलता है। रेंज की व्यवस्था की रिपोर्ट सीधे डीजीपी को देते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सालभर फीडबैक दे सकेंगे नागरिक

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में जनभागीदारी को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। अब नागरिकों की भूमिका केवल तय समय में शिकायत करने तक सीमिति नहीं रहेगी, बल्कि यह सालभर चलने वाली प्रक्रिया होगी। नए सर्वे में नागरिक स्वच्छता एप के साथ वोट फॉर माय सिटी पोर्टल और क्यूआर कोड के जरिए पूरे सालभर राय दे सकेंगे। इस बार के सर्वे में नगर निगम के दावों की पुष्टि भी नागरिक ही करेंगे। कुल मिलाकर इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में सिटीजन फीडबैक का नंबर भी बढ़ गया है। पूर्व में हुए सर्वे जहां सिटीजन फीडबैक पर 1500 अंक रखे गए अब उसे बढ़ाकर 3500 अंक कर दिया गया है।



## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 का ऐलान, इस बार नियम और सख्त

# दीवारों पर पान की पीक, पीले धब्बे दिखे तो कट जाएंगे अंक, 46 शहरों के बीच स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

केन्द्रीय शहरी आवासन मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए टूल किट जारी कर दिया है। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में कुल अंक बढ़ाकर 12,500 अंक कर दिए गए हैं। इनमें 10,500 अंक स्थल आधारित मूल्यांकन से जुड़े हैं। ऐसे में रेड और यलो स्पॉट जैसे दृश्य स्वच्छता रैंकिंग को ऊपर या नीचे लाने में अहम भूमिका निभाएंगे। यानी स्वच्छता सर्वेक्षण में शहरों की स्वच्छता रैंकिंग अब साफ दिखाई देने वाली गंदगी से तय होगी। ▶▶|शेष पेज 7 पर




### जनजागरूकता पर फोकस, प्रयास शुरू



पिछले बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में जो खामियां रहीं, उसे दूर करने अभी से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। साफ-सफाई के कार्यो में जिन संसाधनों का उपयोग हो रहा है, उससे शत-प्रतिशत आउटपुट मिले इस पर पूरा ध्यान है। जनसहभागिता के साथ रायपुर शहर की बेहतर रैंकिंग लाने हरसंभव प्रयास होगा।

- **मीनल चौबे,** महापौर, रायपुर नगर निगम

### अंकों का निर्धारण इस तरह से

- कुल अंक : 12,500
- ओडीएफ प्लस और वाटर प्लस 1000 अंक
- गारबेज फ्री सिटी 1000 अंक
- ग्राउंड एसेसमेंट और सिटीजन फीडबैक 10,500 अंक

**फैक्ट फाइल**

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 शहरी के अंतर्गत 10 वां संस्करण जिसमें सभी यूएलबीएस का मूल्यांकन किया जा रहा है।
- कुल 12,500 अंक निर्धारित जिसमें ऑन ग्राउंड एसेसमेंट और नागरिक फीडबैक का अहम योगदान।
- स्वच्छता रैंकिंग में नागरिक सत्यापन और नागरिक फीडबैक का वेटेज बढ़ा दिया गया है जिसमें जनसहभागिता और धरातल पर वास्तविक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- वेटेज 1800 अंकों से 4 हजार अंकों तक बढ़ा दिया गया है।
- स्वच्छ शहर जोड़ियों के लिए नई पुरस्कार श्रेणी को जोड़ा गया है।
- सौंदर्यीकरण, कूड़ा संग्रहण और पृथक्करण एवं प्रोसेसिंग सर्वेक्षण के मुख्य आधार इनका दैनिक पालन आवश्यक है।
- स्वच्छता लक्षित इकाइयां और संवेदनशील क्षेत्र यानी मुक्कड़ को पूरे साल भर स्वच्छ बनाया रखना जरूरी है।
- सर्वेक्षण में पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल, परिवहन हब, जल निकाय और स्लम क्षेत्र पर विशेष फोकस

## स्विट्जरलैंड के क्रांस-मोंटाना में 1 जनवरी की खुशियां मातम में बदलीं

# नए साल पर दहला स्विट्जरलैंड, जश्न के दौरान ब्लास्ट, 40 की मौत, कई घायल

एजेंसी ▶▶| क्रांस मोंटाना

स्विट्जरलैंड में नए साल का जश्न मातम में बदल गया। प्रसिद्ध लग्जरी स्की डेस्टिनेशन क्रांस मोंटाना में गुरुवार उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक बार में अचानक तेज धमाका हुआ। इस हादसे में 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। करीब 100 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश की हालत गंभीर है।

स्विट्जरलैंड के बार 'ले कॉन्स्टेलेशन' में हुई पर पुलिस ने किसी हमले या आतंकी धमाके के एंगल को नकारा है। अधिकारियों ने बताया कि बार में लगी आग के कारणों के बारे में कोई भी दावा करना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन हमले की आशंका नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों की सहायता के लिए हेलीकॉप्टर और एम्बुलेंस घटनास्थल पर तुरंत हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में अलग-अलग देशों के नागरिक भी शामिल हैं। वैलिस कैंटोनल पुलिस के कमांडर फ्रेडरिक गिस्लर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम बेहद दुखी हैं। क्षेत्रीय कांउसलर मैथियास रेनार्ड के अनुसार, घायलों की संख्या इतनी अधिक थी कि क्षेत्रीय अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई और ऑपरेशन थिएटर ▶▶|शेष पेज 7 पर

**100 से अधिक घायल, इनमें कई विदेशी नागरिक**

**पुलिस ने पूरा इलाका किया सील, नकारा आतंकी हमले का एंगल, हो रही जांच**







### आतिशबाजी की वजह से ब्लास्ट की आशंका

यह धमाका और उसके बाद लगी आग शायद एक कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबाजी की वजह से हुई हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। विस्फोट वाली जगह और आसपास का इलाका सील कर दिया गया है। धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर 10 मिनट में रेस्क्यू हेलिकॉप्टर उड़ते नजर आए। स्विस मीडिया के मुताबिक, सभी उपलब्ध रेस्क्यू हेलिकॉप्टर मदद के काम में लगाए गए। इटली ने भी एक हेलिकॉप्टर भेजा था।

### धमाके की हो रही जांच

अधिकारी ने बताया है कि फिलहाल धमाके की वजह की जांच चल रही है। जांचकर्ता फिलहाल इस एंगल पर काम कर रहे हैं कि यह घटना आग लगने की वजह से हुई थी। अधिकारी इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इस स्तर पर किसी भी हमले का कोई संकेत नहीं है। फिलहाल पीड़ितों की पहचान करने और उनके शवों को जल्द उनके परिवारों को सौंपने की कोशिश जारी है। फिलहाल आसपास का इलाका सील है। वहां फोरेंसिक टीम अपना काम कर रही है।

### मशहूर टूरिस्ट प्लेस है क्रान्स-मोंटाना

जिस क्रान्स-मोंटाना जगह पर ये हादसा हुआ है, वो मनमोहक स्विस आल्प्स पर्वतमाला पर है। ये बेहद लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और गोल्फ जैसी गतिविधियों के लिए दुनिया भर से पर्यटकों यहां पहुंचते हैं। यह स्की रिसॉर्ट स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न से लगभग दो घंटे की दूरी पर है।

## सीएम साय और केंद्रीय मंत्री ने भोरमदेव मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रायपुर।** नववर्ष के प्रथम दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नए साल के पहले ही दिन नई सौगात

# 180 की स्पीड से दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोदी सरकार ने दिन देश को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात दी है। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी से कोलकाता तक चलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के रूट, किराए और सुविधाओं की जानकारी दी है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जनवरी में ही शुरू हो जाएगी। 15 से 20 जनवरी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अगले साल आएगी बुलेट ट्रेन

रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव ने बताया कि देश को उसकी पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त 2027 को मिल जाएगी। इस दौरान रेल मंत्री वैष्णव का मजाकिया अंदाज देखने को मिला। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन का टिकट खरीद लीजिए। अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी।




# खाट पर शव लादकर पीएम कराने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

- सीतापुर विस क्षेत्र के भारतपुर लकरालता में सड़क संपर्क नहीं

सरगुजा के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचविहीनता आज भी अभिशाप बनी हुई है। दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर गुजरने वाली बस्तियों में रहने ग्रामीणों का जीवन कठिन हो गया है। साल भर उन्हें आवागमन की परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ता है लेकिन स्थिति तब और बिगड़ जाती है जब किसी की तबियत खराब हो जाए या फिर कोई और बड़ी मुसीबत आ जाए। जिले के पहुंचविहीन क्षेत्र भारतपुर लकरालता से कुछ ऐसी ही तस्वीर सामने आई है जहां सड़क मार्ग नहीं होने के कारण शव को ▶▶|शेष पेज 7 पर



### तय किया 5 किमी का सफर

बताया जा रहा है कि सड़क नहीं होने व दुर्गम मार्ग होने के कारण मृतक के परिजन मजबूरन शव को खाट पर लादकर निकले। लगभग 5 किलोमीटर का सफर करने के बाद ग्रामीण शव लेकर पंचायत तक पहुंचे जिसके बाद शव को वाहन के सहारे अस्पताल लाया गया और पीएम उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया गया। दिनभर कड़ी मशक्कत कर शव लेकर अस्पताल आए ग्रामीण फिर उसी तरह से वापस गांव लौटे जिसके बाद मृतक का ▶▶|शेष पेज 7 पर

### किया जा चुका है भूमिपूजन : टोप्पो

इस मामले में अब सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि भारतपुर पंचायत के लकरालता में स्वयं 2 बार जा चुके हैं और ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि 8-9 माह में सड़क का काम शुरू हो जाएगा, भूमिपूजन किया जा चुका है। बारिश के कारण काम रुका हुआ था और जनवरी से निर्माण शुरू होने के बाद रास्ता मिलता। यह घटना दुखद है, ऐसी परिस्थिति वाले बसाहटों को बेहतर बनाने के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे है और कई बसाहटों की समस्या दूर की गई है।

## बांग्लादेश में हिंदू शख्स की लिंचिंग

# पहले चाकू से गोदा, फिर जिंदा जलाने की कोशिश




एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब शरियतपुर जिले में एक हिंदू दवा विक्रेता खोकन दास पर हिंसक हमला हुआ है। बताया गया कि 50 वर्षीय खोकन दास पर पहले धारदार हथियारों से वार किया गया, उसके बाद मारपीट की गई और शरीर पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की गई।

### जान बचाने तालाब में कूदा

बदमाशों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला किया और बाद में उन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। अपनी जान बचाने के लिए दास सड़क के किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। उनकी चीखें सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर वहां से भाग गए। बाद में स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया और शरियतपुर सदर अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक इलाज किया गया और बाद में उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें उसी रात बेहतर इलाज के लिए ढाका भेज दिया गया।




## श्रम विभाग ने महिला कर्मियों के हित में बनाया नया नियम

# अब महिला कर्मचारी से रात में ड्यूटी ली तो सुरक्षा गार्ड के साथ वाहन में घर तक छोड़ना होगा, नया नियम लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखते हुए नया नियम बनाया है। नए नियम के मुताबिक रात्रि पाली में नियोजित महिला कर्मकारों को कार्यस्थल से उनके निवास तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए सुरक्षा गार्ड के साथ समुचित वाहन व्यवस्था की जायेगी। पुलिस द्वारा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ये नियम भी लागू होगा पालन भी करना पड़ेगा

कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एव प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (2013 का सं. 14), जो स्थापनाओं पर लागू हो, के उपबंधों का अनुपालन किया जाएगा। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### शौचालय, पेयजल, विश्राम कक्ष भी होना चाहिए

प्रत्येक नियोजक अथवा नियोजकों के समूह द्वारा दुकान, स्थापना में महिला कर्मियों के लिए पृथक से मूत्रालय एवं शौचालय की व्यवस्था की जायेगी, जिसके दरवाजे में केवल अंदर की ओर से सुरक्षा सिटकनी की व्यवस्था होगी। शौचालय, विश्राम कक्ष और पेयजल की सुविधा कार्यस्थल के भीतर होनी चाहिये, जहां ऐसी महिला ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ये व्यवस्था भी करनी होगी

प्रत्येक नियोजक दुकान, स्थापना के सहजगोचर स्थान पर स्थानीय पुलिस थाना, पुलिस कंट्रोल रूम एवं महिला सहायता केन्द्र का फोन नंबर प्रदर्शित करेगा। नियोजक द्वारा प्रत्येक कार्यस्थल में पर्याप्त प्रकाश, हवा के साथ-साथ स्वास्थ्य अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जावेगा। कार्यस्थल, जहां कि कर्मकारों से लगातार खड़े होकर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अब लागू हुईं ये शर्तें

रात्रिकालीन नियोजन हेतु महिला कर्मकार की सहमति प्ररूप-6 में लिया जाना आवश्यक होगा। रात्रि पाली में कम से कम 03 महिला कर्मचारी का नियोजन किया जाना आवश्यक होगा। रात्रि पाली में नियोजित महिला कर्मकारों को कार्यस्थल से उनके निवास तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने हेतु सुरक्षा गार्ड के साथ समुचित वाहन व्यवस्था की जायेगी। पुलिस द्वारा सत्यापित वाहन, वाहन चालक एवं ▶▶|शेष पेज 7 पर

## अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया, चीन में नववर्ष का मनाया गया जश्न


टाइम स्क्वेयर, न्यूयार्क (अमेरिका)

**न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वॉयर पर 10 लाख लोग जुटे**

# नए साल का ग्रैंड वेलकम

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में नए साल की शुरुआत हो गई है। भारत सहित अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया, चीन, जर्मनी में नववर्ष का ग्रैंड वेलकम किया गया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर जश्न मनाने 10 लाख लोग पहुंचे। जापान, चीन, सिंगापुर, यूएई, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में आतिशबाजी की गई। अलग-अलग टाइम जोन के कारण भारत से पहले 29 देशों में 2026 का स्वागत हुआ। सबसे पहले न्यूजीलैंड ने 2026 में एंट्री की, जहां ऑकलैंड के स्काई टावर पर भव्य आतिशबाजी हुई।


बुर्ज खलीफा, दुबई


पेरिस, फ्रांस


बीजिंग, चीन


सिडनी, ऑस्ट्रेलिया


बर्लिन, जर्मनी

## आर्थिक संकट के खिलाफ देशभर में हो रहे हिंसक आंदोलन

# खामेनेई का विरोध, ईरान में सड़कों पर उतरे लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत के साथ ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ भड़के विरोध-प्रदर्शन और हिंसक हो गए हैं। बिगड़ती अर्थव्यवस्था, महंगाई और मुद्रा संकट के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों में कई प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है, जबकि सुरक्षा बलों का एक सदस्य भी मारा गया है। यह बीते तीन वर्षों में देश का सबसे बड़ा जनआंदोलन माना जा रहा है।

5 दिन पहले शुरू हुआ यह प्रदर्शन तकरीबन पूरे देश में फैल चुका है। 21 प्रांतों में लोग जमकर सरकार का विरोध कर रहे हैं। तेहरान में विश्वविद्यालयों के छात्रों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शनकारी 'मुल्लाओं को जाना होगा' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' जैसे नारे लगाए। कई चौराहों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच कई जगहों पर सीधी झड़पे हुई हैं। पश्चिमी शहर लोरदेगन, कुहदश्त और इस्फहान प्रांत से मौतों की पुष्टि हुई हैं। 31 दिसंबर को प्रदर्शनकारी और पुलिस आपस में भिड़ गए थे, जिसके चलते एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और लगभग 13 पुलिसकर्मी घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया है। आंदोलन की सबसे बड़ी वजह ईरानी मुद्रा रियाल में आई भारी गिरावट है।


■ 1 अमेरिकी डॉलर हुआ 14 लाख ईरानी रियाल के बराबर

### इतिहास के सबसे निचले स्तर पर ईरानी मुद्रा

ईरान की मुद्रा रियाल अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर इतिहास के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक अब 1 अमेरिकी डॉलर खरीदने के लिए करीब 14 लाख ईरानी रियाल खर्च करने पड़ रहे हैं। इस गिरावट से देश में महंगाई और बढ़ गई है। रियाल में यह भारी गिरावट ऐसे समय में आई है जब ईरान पहले से ही अमेरिकी और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों, क्षेत्रीय तनावों और घरेलू आर्थिक कुप्रबंधन से जूझ रहा है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोगों का कहना है कि उनकी कमाई बेकार हो गई है और जीवन मुश्किल होता जा रहा है। वहीं एक व्यापारी ने कहा कि पहले जो पैसा महीने भर चलता था, अब वह कुछ दिनों में खत्म हो जाता है।

### सेंट्रल बैंक प्रमुख ने दिया इस्तीफा

डॉलर के मुकाबले रियाल के टूटने से आयात बेहद महंगा हो गया है, जिसका सीधा असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है। हालात इतने बिगड़ गए कि ईरान के सेंट्रल बैंक के प्रमुख मोहम्मद रजा फरजिन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। ईरान के स्टेट स्टैटिस्टिक्स सेंटर के मुताबिक, दिसंबर में देश की महंगाई दर 42.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो पिछले साल इसी समय की तुलना में कहीं ज्यादा है। यह दर नवंबर के मुकाबले भी 1.8 प्रतिशत अधिक है। सबसे ज्यादा मार आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ी है।

# बिहार में 50 हजार का ईनामी माओवादी ढेर

एजेंसी ▶▶| बेगुसराय

बिहार के बेगुसराय में बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने 50,000 के इनामी वांछित माओवादी नेता को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। बिहार पुलिस मुख्यालय और संचालन के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) कुंदन कृष्णन ने जानकारी देते हुए कहा कि बिहार एसटीएफ ने पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में बेगुसराय के तेघरा पुलिस थाना क्षेत्र में मंगलवार रात 50 हजार रुपये के इनाम वाले एक वांछित माओवादी नेता को मुठभेड़ में मार गिराया। माओवादी नेता की पहचान दयानंद मलाकर उर्फ छोटू उर्फ कुलबीर के रूप में की गई है, जो उत्तर बिहार केंद्रीय क्षेत्रीय समिति का सचिव था। दयानंद बेगुसराय जिले के बीरपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हमोदिह गांव का रहने वाला था।

### हथियारों का जखीरा भी हुआ बरामद

घटनास्थल से बड़ी मात्रा में भारी हथियारों का जखीरा बरामद किया है, हथियारों में 5.56एमएम इंसास राइफल,एक देशी कार्बाइन,एक देशी पिस्टल, अलग-अलग बोर के 25 कार्टेज, कार्बाइन के लिए एक अतिरिक्त कार्बाइन और 15 खाली खोखे शामिल हैं।

## कनाडा की घटना

# प्लेन उड़ाने से पहले पी शराब हिरासत में एयर इंडिया पायलट

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

कनाडा के वैंकूवर एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक पायलट को नशे की हालत में हिरासत में लिया गया। 23 दिसंबर, 2025 को वैंकूवर-दिल्ली (वियना होते हुए) उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के एक पायलट को जश्न मनाना भारी पड़ गया। पायलट को मुंह से शराब की गंध आने के बाद हिरासत में लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वैंकूवर के एक ड्यूटी फ्री स्टोर की कर्मचारी ने पायलट को त्योहार के मौके पर दी जा रही शराब पीते हुए देखा। दावा किया गया है कि शराब की बोतल खरीदते समय पायलट के मुंह से शराब की गंध आई थी। कर्मचारी ने पायलट की सूचना कनाडाई अधिकारियों को दी।




### सवार हुई नई पायलट की टीम

कनाडाई अधिकारियों ने पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया, जिसमें वे फेल हो गए। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। एअर इंडिया ने तुरंत एक वैकल्पिक पायलट की व्यवस्था की। चार पायलटों या दो टीमों वाली ये उड़ान दो घंटे की देरी से रवाना हुई। विमान के वियना में उतरने के बाद यहां से चालक दल की एक अन्य टीम ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि इस मामले में एअर इंडिया ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने बताया, 'पायलट को कुछ दिनों बाद दिल्ली लाया गया और उससे पूछताछ की जा रही है। इस मामले की जानकारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को दी गई है, जो इसकी जांच कर रहा है।'

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS मस्सा नाशक

## ट्रंप को चुनौती

# अमेरिकियों की एंट्री पर दो देशों ने लगाया बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद कई देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर सख्ती शुरू कर दी थी। ट्रंप ने कुछ देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी थी और कुछ देशों के नागरिकों के प्रवेश पर नियम और भी सख्त कर दिए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के इस एक्शन पर अब रिएक्शन शुरू हो गए हैं। दो देशों ने अमेरिकी नागरिकों की एंट्री बैन कर दी है। बुर्किना फासो और माली ने अमेरिकी नागरिकों की एंट्री पर बैन लगा दिया है। इन दोनों देशों ने यह कदम ट्रंप प्रशासन की ओर से 39 देशों के नागरिकों पर लगाए गए समान यात्रा प्रतिबंध के जवाब में उठाया है।



### यह कहा दोनों देशों ने

बुर्किना फासो के विदेश मंत्री करामाओ जीन मैरी त्राओरे ने स्पष्ट कहा है कि हम अमेरिकी नागरिकों के प्रवेश पर वही नियम लागू करेंगे, जो हमारे नागरिकों के लिए अमेरिका ने किए हैं। माली के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी अमेरिकी नागरिकों के देश में प्रवेश पर वही शर्तें लागू करने का ऐलान किया है, जो अमेरिकी प्रशासन ने माली के लोगों के लिए लागू किए हैं। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन ने जिन 39 देशों के लोगों के अमेरिका में प्रवेश पर पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध लगाए हैं, उनमें से 25 देश अफ्रीकी हैं।

## दो कुरानों पर हाथ रख कर ली शपथ

# भारतवंशी ममदानी ने ली शपथ न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर




**न्यूयार्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयॉर्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं। हालांकि संविधान के तहत शपथ के लिए किसी धार्मिक ग्रंथ का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। 34 साल के डेमोक्रेट ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं। ममदानी ने न्यूयॉर्क के सिटी हॉल के नीचे स्थित एक बंद पड़े सबवे स्टेशन में शपथ ली। यह एक प्राइवेट समारोह था, जिसमें ममदानी का परिवार शामिल हुआ।

### 18वीं सदी की कुरान

ममदानी ने दो कुरानों पर हाथ रख कर शपथ ली। शपथ ग्रहण के लिए कुरान का चयन ममदानी की पत्नी रमा दुवाजी ने किया है। इनमें एक उनके दादा की कुरान और दूसरी जेब में रखी जाने वाली छोटी कुरान थी। कहा जा रहा है कि पॉकेट साइज कुरान 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की की है। यह कुरान न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी के शॉम्बर्ग सेंटर फॉर रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण
• आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी,
• सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण)
• गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
24/7 Emergency Services
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422



# इमरान-यामी की फिल्म हक आज ओटीटी पर

**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक'जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब क्रिटिक्स ने फिल्म को काफी सराहा था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। शाह बानो बेगम के केस पर आधारित यह फिल्म अब घर बैठे देख सकेंगे। क्योंकि, अब हक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'हक' का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर से पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'घर की चार दीवारों से अदालत तक।

## लाइफ Style



# अलीजेह

## म्यूजिकल प्रोजेक्ट में सिद्धांत के साथ आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 2014 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का हिंदी रीमेक बनने वाला है। खबर है कि निर्माताओं ने इस म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री को कास्ट किया है। फिल्म का निर्देशन विकास बहल करने वाले हैं। इसकी शूटिंग जून से अगस्त के बीच शुरू हो सकती है।

'ला फैमिली बेलियर' एक कॉमेडी फिल्म है जिसके निर्देशक एरिक लार्टिगाउ हैं। इसकी कहानी 16 साल की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। लड़की अपने मूक-बधिर माता-पिता की देखभाल करती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके म्यूजिक टीचर को उसकी खूबसूरत गाने की आवाज का पता चलता है। लड़की को अपने सपने को पूरे करने और अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच चुनाव करना होता है। 'ला फैमिली बेलियर' ने 2022 में 94वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) में बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता था। 'सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री की एक फिल्म है, जिसे विकास बहल डायरेक्ट करेंगे। यह बेहतरीन फिल्म होगी। यह एक फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का रीमेक है, जिसका रीमेक बनाया जाएगा। इस फिल्म ने ऑस्कर जीता था। यह एक म्यूजिकल फिल्म है, यह संजय लीला भंसाली की 'खामोशी' जैसी है। हमने इसे ओरिजिनल फ्रेंच फिल्म से लिया है।' सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार 2025 की फिल्म 'धड़क 2' में तृप्ति डिमरी के साथ देखा गया था। अलीजेह अग्निहोत्री ने साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'फर्रे' से एक्टिंग में डेब्यू किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'मुझसे शादी' गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के साथ शादी के बाद हॉलीवुड सिंगर निक जोनस पर देसी रंग चढ़ गया है। वह अक्सर हिंदी गानों पर थिरकते नजर आते हैं। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें म्यूजिक बैंड के मेंबर और उनके भाई साथ नजर आ रहे हैं। निक और बाकी लोग प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड फिल्म 'मुझसे शादी करोगे' के टाइटल ट्रैक पर झूमते दिखे। खासकर निक ने इस गाने पर जबरदस्त स्टेप्स किए।





# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 में वेक्ना का होगा खात्मा?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा बताया जा रहा है। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का है। यह सीरीज इन दिनों सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड कर रही है, आखिरी एपिसोड के कई स्पॉलर भी सामने आ रहे हैं। यह सीरीज अच्छाई और बुराई के कॉन्सेप्ट पर ही है। इस सीरीज में विलेन का किरदार यानी वेक्ना पांचवें सीजन में काफी ताकतवर हो चुका है। ऐसे में इलेवन (सीरीज का लीड कैरेक्टर) और उसकी टीम के लोग वेक्ना का सामना करते हैं, इनमें से कई लोगों के पास सुपरपावर भी हैं। पांचवें सीजन में वेक्ना पास खतरनाक योजना है। हो सकता है कि इस बार सीरीज में कुछ किरदार मर भी जाएं। सोशल मीडिया पर एक खबर है कि हॉकिन्स नाम के किरदार को बचाने की कोशिश भी सीरीज में दिख सकती है।




# 9 को री-रिलीज को होगी किस किसको...

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है। उनकी अदाकारी वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' एक बार फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्माताओं ने गुरुवार को ऐलान किया है कि यह फिल्म 9 जनवरी को री-रिलीज की जाएगी। निर्माताओं को यकीन है कि इस बार फिल्म पर दर्शक अच्छा रिस्पॉन्स देंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म को पहले रणवीर सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'धुरंधर' और हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की वजह से सिनेमाघरों में ज्यादा स्क्रीन नहीं मिल पाई थी। इसकी वजह से इसकी कमाई पर असर पड़ा था। फिल्म के निर्माता रतन जैन के मुताबिक लोगों में अभी भी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का क्रेज है।



# धुरंधर नए साल में कुछ बदलाव के साथ...

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही रणवीर सिंह की धुरंधर का 1 जनवरी को नया वर्जन रिलीज किया गया है। इस नए वर्जन में धुरंधर में कुछ बदलाव किए हैं। साल 2025 में रणवीर सिंह की धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। फिल्म ने बहुत सी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 1,100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। अब नए साल पर इस फिल्म को नए अंदाज में रिलीज किया गया है। नए साल पर फिल्म का रिवाइज्ड वर्जन रिलीज किया गया है। दरअसल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा फिल्म में कुछ बदलाव बताए गए। उन्हीं बदलाव को ध्यान में रखते हुए फिल्म का नया वर्जन रिलीज किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के मुताबिक, इस नए वर्जन में मेकर्स ने दो शब्दों को म्यूट किया है और एक डायलोग में बदलाव किया है।

## टीवी मसाला



# इक्कीस हमारे लिए आखिरी अनमोल निशानी है : अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में दोस्त धर्मेंद्र को यादकर भावुक हो गए। धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' 1 जनवरी को नए साल पर रिलीज है, पर वह इस दुनिया में नहीं हैं। अमिताभ ने कहा कि 'इक्कीस' उनके लिए उनके दोस्त की आखिरी अनमोल निशानी है, जो उनका परिवार भी था। धर्मेंद्र 24 नवंबर 2025 को इस दुनिया को अलविदा कह गए और 1 जनवरी 2026 को उनकी फिल्म 'इक्कीस' रिलीज हो रही है। किसी ने सोचा नहीं था कि यह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म साबित होगी, और वह इसे देखने के लिए भी नहीं रहेंगे। 'इक्कीस' में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा लीड रोल में हैं, जो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जयदीप अहलावत भी हैं। हाल ही जब अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और डायरेक्टर श्रीराम राघवन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में पहुंचे, तो बिग बी भावुक हो गए। उन्होंने जिगरी यार धर्मेंद्र को याद किया, जिनके साथ ढेरों फिल्में की थीं और गहरा रिश्ता था। वहीं, प्रोमो में अमिताभ बच्चन दोस्त धर्मेंद्र और उनकी फिल्म 'इक्कीस' के लिए कह रहे हैं, 'फिल्म 'इक्कीस' हमारे लिए वो आखिरी अनमोल निशानी है, जो हिंदी फिल्म जगत की महान विभूति अपने करोड़ों चाहने वालों के लिए छोड़ गए। एक कलाकार अपनी सांस के अंतिम छोर तक, कला की साधना करना चाहता है और कुछ ऐसा ही किया मेरे मित्र, मेरे परिवार, मेरे आदर्श, धर्मेन्द्र देव जी ने।' अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'धरमजी सिर्फ एक शख्स नहीं थे, एक एहसास थे। और एहसास जो होता है, वो कभी जाने नहीं देता किसी के अंदर से। बस यादें बनकर, दुआएं बनकर साथ चलते रहता है।'

## भाबीजी घर पर हैं 2.0 में नहीं दिखेंगी सौम्या

**नई दिल्ली।** पॉपुलर सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं!' दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा, जिसमें शिल्पा शिंदे 'अंगूरी भाभी' के रोल में वापसी कर चुकी हैं।



इस सीजन में पत्नियों की अदला-बदली दिखाई जाएगी और कई सारे ट्विस्ट भी होंगे। सौम्या टंडन ने जब 'भाबीजी घर पर हैं!' छोड़ा था, तो उसके बाद विदिशा श्रीवास्तव ने उन्हें शो में रिप्लेस किया था। अब शिल्पा शिंदे एक दशक बाद'भाबीजी घर पर है 2.0' में अंगूरी भाभी के रूप में लौटीं, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। ऐसे में वो जानने को उत्सुक थे कि क्या टंडन भी वापसी करेंगी? इस बारे में सौम्या ने कहा, 'नहीं, मैं 'भाभीजी घर पर है 2.0' में बिल्कुल भी वापस नहीं आ रही हूं। मैं एक दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हूं। फिलहाल, मैं कुछ और कर रही हूं। इसलिए वापसी का तो सवाल ही नहीं उठता।' सौम्या टंडन ने यह भी कन्फर्म किया कि वह 'धुरंधर 2' में उल्फत के रूप में वापसी करेंगी। हालांकि, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि 'धुरंधर' के दूसरे पार्ट में उनका स्क्रीनटाइम कम होगा। वह बोलीं, ''धुरंधर पार्ट 2' में मेरा रोल बहुत छोटा है क्योंकि मेरे पति की मौत हो चुकी है।

# डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक आया सामने

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रेंचाइजी 'डेमोन कॉलोनी' अपनी नई किस्त के साथ दर्शकों को डराने के लिए तैयार है। डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक सामने आते ही फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।



पोस्टर में डर, रहस्य और अंधेरे की जो झलक दिखती है, वह साफ इशारा करती है कि इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक मोड़ लेने वाली है। इस फिल्म के साथ एक बार फिर अरुल्निथी अपने लोकप्रिय किरदार में लौट रहे हैं। पहले दो पार्ट्स में जिस रहस्यमयी दुनिया और शापित घटनाओं ने दर्शकों को बांधे रखा था, तीसरे भाग में वही कहानी और गहराई के साथ आगे बढ़ती नजर आएगी। निर्देशक अजय ज्ञानमुथु ने इस फ्रेंचाइजी को सिर्फ डर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसमें मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य का ऐसा ताना-बाना बुना है, जिसने डेमोन कॉलोनी को अलग पहचान दिलाई। डेमोन कॉलोनी की टैगलाइन है- 'द एंड इज टू फार' यानी अंत अभी बहुत दूर है। यह टैगलाइन खुद में संकेत देती है कि पिछली फिल्मों में शुरू हुआ अंधेरे का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। पहले भागों में जिन अलौकिक शक्तियों और शाप का सामना किरदारों ने किया था, उसका असर अब भी बरकरार है और इस बार टकराव और भी भयावह होने वाला है। इस फिल्म में अरुल्निथी के साथ प्रिय भवानी शंकर, अर्चना रविचंद्रन, मुथुकुमार और मीनाक्षी गोविंदराजन भी अपनी भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं। एक ही कास्ट का लौटना इस बात का संकेत है कि कहानी में निरंतरता रहेगी और दर्शकों को उसी डरावनी दुनिया में फिर से ले जाया जाएगा, जहां हर मोड़ पर अनहोनी का अहसास होता है।

# 2026 में इन फिल्मों का होगा बॉक्स ऑफिस क्लैश, कार्तिक की रणबीर से होगी टक्कर...

**नई दिल्ली।** नए साल 2026 फिल्म के दीवानों के लिए मजेदार रहने वाला है। इस साल कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। कुछ फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश भी देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से लेकर शाहिद कपूर की ओ रोमियो तक शामिल है।

***जना नायकन और द राजा साहबः*** सबसे पहला क्लैश जनवरी के महीने में ही देखने को मिलेगा। ये क्लैश तमिल भाषा की फिल्म जना नायकन और तेलुगु भाषा की द राजा साहब के बीच होगा। दोनों फिल्में 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। जना नायकन में थलपति विजय लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साहब में प्रभास और संजय दत्त नजर आएंगे।



***हैप्पी पटेल :*** खतरनाक जासूस और मायासभाः 9 जनवरी के बाद 16 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म होगी। इस फिल्म से इमरान खान फिल्मों में कमबैक करेंगे। हैप्पी पटेल का क्लैश 16 जनवरी को राही अनिल बर्वे की फिल्म मायासभा से होगा। मायासभा एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म होगी।

***तू या मैं और ओ रोमियो :*** शनाया कपूर और आदर्श गौरव की फिल्म तू या मैं और शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का क्लैश होगा। ओ रोमियो को विशाल भरद्वाज डायरेक्ट कर रहे हैं। तू या मैं 14 फरवरी को रिलीज होगी। वहीं, शाहिद कपूर की ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज होगी।

***धुरंधर 2, टॉक्सिक और डकैत :*** 19 मार्च को बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा। रणवीर सिंह की धुरंधर का पार्ट 2 इसी दिनी रिलीज होगी। साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक और अनुराग कश्यप की फिल्म डकैत के बीच क्लैश देखने को मिलेगा।

***भूत बंगला और आवारापन 2:*** 2026 में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की भी क्लैश देखने को मिलेगी। अक्षय कुमार की भूत बंगला 2 अप्रैल को रिलीज होगी। वहीं, इमरान हाशमी की आवारापन 2 3 अप्रैल को रिलीज होगी।

***नागजिला और लव एंड वॉरः*** लिस्ट में कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला और रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की फिल्म लव एंड वॉर है। दोनों फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं।

## आने वाला हर दिन है अनमोल, आपकी सभी कोशिशें हों सफल

# कमल हासन-चिरंजीवी और धनुष समेत इन साउथ स्टार्स ने दी नए साल की बधाई

*नई दिल्ली। नए साल का स्वागत हो चुका है। हर कोई अपने-अपने तरीके से साल 2026 की शुभकामनाएं दे रहा है। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा के तमाम स्टार्स भी अपने-अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर सुपरस्टार रजनीकांत जहां अपने घर के बाहर आए और फैंस का अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं। वहीं, कई अन्य सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए फैंस को हैप्पी न्यू ईयर बोला है।*

### घर के बाहर खड़े फैंस से मिले रजनीकांत

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत नए साल के मौके पर अपने घर के बाहर खड़े फैंस से आके मिले और उनका अभिवावदन किया। इस दौरान थलाइवा ने पहले हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया, उसके बाद दोनों हाथ जोड़कर फैंस को धन्यवाद बोला। इस दौरान भारी संख्या में घर के बाहर फैंस इकट्ठा नजर आए।

### आपकी कोशिशें सफल हों

सुपरस्टार कमल हासन ने भी अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'एक और साल आने वाला है। पिछले साल से बेहतर, दयालु और समझदार बनने का एक और मौका। उत्कृष्टता एक निरंतर प्रक्रिया है। आपको नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला हर दिन अनमोल है। आपकी सभी कोशिशें सफल हों और आपको खुशी दें।'



***अल्लू अर्जुन ने फैंस का जताया आभार :*** 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने फैंस के लिए शुभकामनाएं भेजते हुए लिखा, 'जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मेरे मन में केवल कृतज्ञता है। इस सफर के लिए, इससे मिले सबक के लिए और मेरे चारों ओर मौजूद प्यार के लिए। मेरे प्रशंसकों हर पड़ाव पर मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद। आपका विश्वास मुझे हर दिन शक्ति और उद्देश्य देता है। उत्साह से आगे देख रहा हूं, आने वाले समय की शुरुआत के लिए तैयार हूं। नए साल 2026 की शुभकामनाएं।'

### सकारात्मकता और एकजुटता से करें नए साल का स्वागत

मेगास्टार चिरंजीवी ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। एक्टर ने लिखा, 'आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए इस वर्ष का स्वागत सकारात्मकता, आशा और एकजुटता के साथ करें और इसे सभी के लिए एक सुंदर साल बनाएं। नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं।'

### इन स्टार्स ने भी दीं शुभकामनाएं

इसके अलावा साउथ के कई अन्य स्टार्स ने भी नए साल की शुभकामनाएं दीं। इनमें जूनियर एनटीआर, प्रभास, कार्थी, प्रकाश राज और रवि तेजा के नाम शामिल हैं।

### धनुष ने फैंस को बताया अपनी ताकत

*अभिनेता धनुष ने 2025 का आभार जताते हुए नए साल का स्वागत किया। अपने फैंस का आभार जताते हुए धनुष ने उन्हें अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। धनुष ने अंत में 'ओम नमः शिवाय' के साथ अपनी शुभकामनाएं पूरी कीं।*

### विजय ने फोटोज के साथ दीं शुभकामनाएं

*अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने नए साल वेकेशन की कई तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें वो अपने दोस्तों के साथ नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं मेरे प्यारे दोस्तों। हम साथ-साथ आगे बढ़ें, ढेर सारी यादें बनाएं, अच्छे काम करें, प्यार, खुशी और जीवन को आगे बढ़ाएं। आप सभी को ढेर सारा प्यार।'*

## चिंतन

# जानलेवा तंबाकू बिगाड़ रहा सेहत

तंबाकू एक ऐसा उत्पाद है जो जानलेवा तो है ही, साथ ही लोगों की आर्थिक और शारीरिक सेहत भी बिगाड़ रहा है। इसके उपयोग से लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। भारत तंबाकू उत्पादन में तीसरा सबसे बड़ा देश और विश्व स्तर पर तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में तंबाकू से होने वाली मृत्यु दर प्रतिवर्ष 13.5 लाख है, इसमें 10 लाख मौतें धूम्रपान के कारण और शेष धुआं रहित तंबाकू (एसएलटी) के सेवन के कारण होती हैं। इस हिसाब से देश में हर दिन औसतन 3,700 लोगों की जान जा रही है। वहीं, कैंसर, हृदय रोग और श्वसन रोग जैसी गंभीर बीमारियां भी लोगों को घेर रही हैं। दुनिया की बात करें तो अनुमानित 70 लाख मौतें रोजाना तंबाकू के कारण हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक तंबाकू उपयोगकर्ताओं की आयु लगभग 15 वर्ष कम हो जाती है और इनमें से लगभग आधे उपयोगकर्ता असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। गर्भावस्था में तंबाकू का उपयोग करने से बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं परिवार और समाज पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। जीएटीएस-2 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 28.6% (266.8 मिलियन) युवा वर्तमान में किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। वयस्क तंबाकू उपयोगकर्ताओं में 24.9% (232.4 मिलियन) दैनिक उपयोगकर्ता और 3.7% (34.4 मिलियन) कभी-कभार उपयोग करने वाले शामिल हैं। भारत में सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद खैनी है। इसे देश के करीब 36 फीसदी लोग प्रयोग करते हैं। बीड़ी दूसरा सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद है, इसे करीब 24 फीसदी, तीसरे नंबर पर गुटका 22 फीसदी, तंबाकू युक्त पान और उत्पाद चौथे स्थान पर हैं। इन्हें करीब 18 फीसदी लोग उपयोग करते हैं। बता दें कि फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीटीसी) तंबाकू नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है, जिसका नेतृत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कर रहा है। एफसीटीसी को लागू करने की एक प्रमुख रणनीति एमपीओडब्ल्यूईआर पैकेज है, जिसमें तंबाकू की मांग को कम करने के छह साक्ष्य-आधारित उपाय शामिल हैं। इनमें तंबाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी, लोगों को तंबाकू के धुएं से बचाना, तंबाकू छोड़ने में सहायता प्रदान करना, तंबाकू के खतरों के बारे में चेतावनी देना, तंबाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लागू करना और तंबाकू पर कर बढ़ाना शामिल है। भारत ने तंबाकू छोड़ने के क्षेत्र में सकारात्मक प्रगति की है, लेकिन अभी भी कई बड़ी बाधाएं मौजूद हैं। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) जैसे कार्यक्रमों और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी लागू करने से धूम्रपान की दर में कमी आई है, जिससे पता चलता है कि सरकार तंबाकू नियंत्रण और इस मुद्दे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने तंबाकू के उत्पादों पर सबसे अधिक 28 फीसदी जीएसटी लगाया है। हाल ही में सिगरेट पर 20 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाया है। 1 फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक की ड्यूटी ली जाएगी। इसके बावजूद सेवन करने वालों की कमी नहीं है। हालांकि देश में तंबाकू नियंत्रण एक जटिल मुद्दा है और इसके लिए सरकार, समाज, और व्यक्तियों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। हमें तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू छोड़ने में लोगों की मदद करने के लिए काम करना चाहिए।



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

# यूनुस चुनाव टालने की कोशिश में तो नहीं

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल हो रही है या कहिए दिखाई दे रही है। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल हो रही है या कहिए दिखाई दे रही है। कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के विरुद्ध जमकर हिंसा की जा रही है। भारत के विरोध के बावजूद मोहम्मद यूनुस हिंसा पर नियंत्रण करने के बजाय झूठे नैरेटिव गढ़कर भारत पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि ऐसा है तो इसके पीछे कौन हो सकता है? बांग्लादेश की राजनीति को बेहतर तरीके से जानने-समझने वाले तमाम लोग अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर इस बात को लेकर संदेह जता रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि चुनाव समय आने पर 12 फरवरी को ही होंगे, लेकिन बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति देख कर उनकी बात पर सहज विश्वास करना बेहद मुश्किल है।

उधर, उस्मान हादी के भाई उमर हादी ने भी आरोप लगाया है कि उनके भाई की हत्या मोहम्मद यूनुस ने करवाई है, चुनाव टालने के लिए! अब जब उस्मान हादी के भाई ने आरोप लगाया है तो मोहम्मद यूनुस पर संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस से 'सत्ता का मोह' छूट नहीं रहा है। वे सत्ता में बने रहना चाहते हैं और संभवतः इसीलिए येन-केन-प्रकारेण चुनाव टालने की जुगत में लगे हैं। यदि हिंसा व उपद्रव की पृष्ठभूमि में जाएं तो मोहम्मद यूनुस पर चुनाव टालने की कोशिशों का संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। बांग्लादेश में अस्थिरता का नया दौर विगत वर्ष जुलाई-अगस्त में शुरू हुआ था। तब सत्तासीन शेख हसीना सरकार की कथित छात्र विरोधी नीतियों के विरुद्ध छात्र आंदोलन की शुरुआत हुई थी। कहने को यह छात्र आंदोलन था लेकिन कुछ समय में यह 'जेन जी' आंदोलन में बदलकर अंततः शेख हसीना की नीतियों, विशेषकर भारत के प्रति लगाव, का विरोध करने वाले और देश में शरीयत का कानून लागू करने की मंशा रखने वाले जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के हाथों में जाता स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। कथित रूप से छात्रों के इस आंदोलन ने तब हिंसक रूप ले लिया था। सड़कों पर आंदोलनकारियों का उन्माद व हिंसा का भीषण रूप देखने को मिल रहा था। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित बड़ी संख्या में सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था और जमकर तोड़फोड़, आगजनी व हिंसा की गई थी। बड़ी संख्या में भारत समर्थक नेता, पत्रकार और हिंदुओं को इस हिंसा में अपने प्राण तक गंवाने पड़े थे। इस हिंसा व अराजकता के बीच 5 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़ना पड़ा और भारत में शरण लेनी पड़ी थी।

उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था और देश में अगले चुनाव होने तक नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। उस समय यह कहा गया था कि अनुकूल समय आने पर आम



चुनाव करा कर देश में लोकतंत्र की बहाली की जाएगी। बाद में चुनाव की यह तारीख 12 फरवरी 2026 घोषित की गई है। चुनाव की तारीख निर्धारित होने के बाद मोहम्मद यूनुस ने सत्ता में बने रहने की अपनी रणनीति पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है, ऐसा हाल के घटनाक्रमों से समझा जा सकता है। मोहम्मद युनुस शुरू से अपने भारत विरोध के लिए जाने जाते रहे हैं। भारत विरोध उन्हें जनता में लोकप्रिय और सत्ता में बने रहने का 'रामबाण' उपाय मालूम होता दिखता है और संभवतः इसीलिए अंतरिम सरकार के मुखिया बनने के बाद से अब तक वे तरह तरह से भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार में लगे रहे हैं। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत ने उनके साथ संबंध मधुर बनाने की अपने तईं कई कोशिशें की हैं लेकिन उनके भारत विरोधी व्यवहार में कोई परिवर्तन होता नहीं दिखा, बल्कि उनके शासन में जमकर भारत विरोधी भावना भड़काने के षड्यंत्र व प्रयास होते रहे हैं। गत नवंबर माह में शेख हसीना को बांग्लादेश की अंतराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल द्वारा मौत की की सजा सुनाई जाने के बाद मोहम्मद यूनुस ने प्रत्यार्पण संधि का हवाला देते हुए भारत से तुरंत शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी और भारत पर कई आरोप भी मड़ दिए थे। ऐसा इसलिए कि वहां जनता को, विशेषकर छात्रों को ऐसा मालूम न हो कि वे ( मोहम्मद युनुस ) शेख हसीना व भारत के प्रति किसी प्रकार का नरम रवैया अपना रहे हैं और शेख हसीना को वापस बांग्लादेश लाने के कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और इसी के साथ बांग्लादेश जमाते इस्लामी को मान्यता प्रदान कर चुनाव में लड़ने की अनुमति दे दी गई है। इस तरह उन्होंने वहां की एक बड़ी व सर्वाधिक समय तक सत्तासीन रही पार्टी को चुनावी मैदान से बाहर करने के साथ जमाते इस्लामी के जरिए सत्ता में बने रहने का एक रास्ता भी बना लिया है। इसके पीछे उनकी सोच संभवतः यह लगती है कि जमाते इस्लामी यदि सत्ता में आती है तो उनका राष्ट्रपति बनना बेहद आसान रहेगा। शेख हसीना के कार्यकाल में जेल में निरुद्ध जमाते इस्लामी के सदस्यों को जेल से बाहर कर वे इसके साथ मधुर संबंधों की कड़ी पहले ही जोड़ चुके हैं। अब देश में चुनाव लड़ने के लिए खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी मैदान में बची रह जाती है। चुनाव में भाग लेने के लिए खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद विदेश से बांग्लादेश लौट आए हैं। फिलहाल मोहम्मद युनुस इस पार्टी से कोई खास खतरा महसूस कर रहे हों, ऐसा नहीं दिखता। ऐसा इसलिए भी कि हाल के कुछ महीनों में सक्रियता के अभाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अपेक्षा जमाते इस्लामी की ओर लोगों का झुकाव अधिक बढ़ते देखा गया है। भारत विरोधी भावना का यह ज्वार व वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा बताती है कि इस आरोप से मोहम्मद यूनुस पर किसी भी तरह का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। शेख हसीना के तख्तापलट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छात्र संगठन इंकलाब मोर्चे के सूत्रधारों में प्रमुख शरीफ उस्मान हादी ही मैदान में सबसे प्रबल उम्मीदवार दिख रहे थे, लेकिन हादी की भी हत्या हो चुकी है। समझा जा सकता है कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बांग्लादेश की ताजा हिंसा पर नियंत्रण न कर इसे अपनी असफलता दर्शा रही है लेकिन इसका असली उद्देश्य कुछ और है। यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# नए साल में भारत होगा सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया के उपभोक्ता बाजारों से संबंधित रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि वर्ष 2026 में भारत ऊंची विकास दर, सस्ते कर्ज, महंगाई में कमी, कर सुधार और बढ़ी हुई क्रय शक्ति से दुनिया के सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में उभरकर दिखाई दे सकता है। वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की 'ग्लोबल कंज्यूमर रडार' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित है और भारत 2026 में दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार रहेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक भारत से आने वाले सैलानी सिंगापुर में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले लग्जरी ग्राहकों में शामिल हैं। गौरतलब है कि नए वर्ष में भारतीयों को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीदारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है।

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये डालना सुनिश्चित किया है। रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना शुरू हो गया है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मार्च 2026 में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 2026 में महंगाई में कमी रहने की संभावना से देश का उपभोक्ता बाजार मजबूत होगा। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर और घटाए जाने की संभावना का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। इससे पहले खुदरा महंगाई सितंबर में एक फीसदी से अधिक यानी 1.44 फीसदी रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है और इससे उपभोक्ता बाजार तेजी से आगे बढ़ेगा। निश्चित रूप से ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी। उम्मीद करें कि भारत में महंगाई में कमी और ब्याज दरों में कटौती भारतीय उपभोक्ताओं को नई आशावादी शक्ति देगी और भारत में उपभोक्ताओं की बड़ी हुई क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी। वर्ष 2026 में ईएमआई घटने से आम आदमी की खर्च योग्य आय बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और इससे भारत दुनिया में सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा और देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
## दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया - गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।। राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नववर्ष पर कैलेंडर के साथ सोच भी बदलें


नववर्ष पर हमें अपनी स्वार्थी, संकीर्ण और नकारात्मक सोच भी बदलनी चाहिए, तभी यह वर्ष हर किसी के लिए मंगलमय और समाज, देश में एक नया अच्छा परिवर्तन लेकर आएगा। एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि, नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2026 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। बहरहाल, नया साल सभी के लिए शुभ हो।

*- संजय यादव, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# अफगान सीमा बंद करने से पाक में आतंकी हमले कम


पाकिस्तान में अफगानिस्तान से लगती सरहद बंद करने के बाद सीमा पार आतंकवादी हमलों और हिंसा से संबंधित मौतों में काफी कमी आई है, लेकिन वर्ष 2025 एक दशक में 'सबसे हिंसक' साल था। एक थिंक टैंक ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के साथ झड़पों के बाद पाकिस्तान ने पिछले साल 11 अक्टूबर को अपनी सीमा बंद कर दी थी। इसका कारण यह आरोप था कि अफगानिस्तान आतंकवादियों द्वारा अपनी धरती के इस्तेमाल को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। 'डॉन' अखबार ने थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज' (सीआरएसएस) द्वारा एकत्रित आंकड़ों के आधार पर बताया कि दिसंबर में आतंकवादी हमलों में लगभग 17 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नवंबर में इसमें नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। इसने कहा है कि 2025 की आखिरी तिमाही में असैन्य नागरिकों और सुरक्षा अधिकारियों में आतंकवाद से जुड़ी मौतों में भी गिरावट आई है। यह नवंबर में चार फीसदी और दिसंबर में 19 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, सीआरएसएस के आंकड़ों से पता चला है कि समग्र हिंसा में लगभग 34 फीसदी का इजाफा हुआ है और वर्ष 2025 पाकिस्तान के लिए एक दशक में सबसे हिंसक साल साबित हुआ।



## ऑफ बीट

# आइसक्रीम का 2,500 साल पुराना इतिहास

आइसक्रीम बनाने से पहले बर्फ के उत्पादन और भंडारण की विश्वसनीय तकनीक जरूरी थी, जो सबसे पहले 550 ईसा पूर्व में फारस (आधुनिक ईरान) में विकसित हुई। प्राचीन फारसियों ने रेगिस्तानी इलाकों में 'यखचाल' नामक बड़े, मधुमक्खी के छत्ते जैसे पत्थर के ढांचे बनाए। इनमें गहरी, इंसुलेटेड भूमिगत संरचनाएं होती थीं, जिससे साल भर बर्फ संग्रहित की जा सकती थी। इस संग्रहित बर्फ से फलों के शरबत, शोरबे और 'फलूदा' (गुलाब जल और सेवइयों से बनी जमी हुई मिठाई) जैसे व्यंजन बनाए जाते थे। लगभग 650 ईस्वी में फारस पर अरब विजय के बाद यह तकनीक मध्य पूर्व में फैल गई। इसी तकनीक से सीरिया में 'बूज़ा' और फारस में 'बस्तानी' जैसी खिंचावदार आइसक्रीम तैयार की गई। इसी काल में चीन के तांग राजवंश (618–907) के दौरान 'सुशन' नामक जमी हुई मिठाई विकसित हुई, जिसे कवियों ने मुंह में पिघलने वाली, तरल और ठोस के बीच की बनावट वाला बताया। जमाने के साथ फ्रीजिंग की तकनीक में बदलाव आया। 1558 में नेपल्स में जियाम्बातिस्ता डेला पोर्ता की पुस्तक जिसमें बर्फ में शोरा (पोटैशियम नाइट्रेट) मिलाकर तरल पदार्थों को तेजी से ठंडा करने की विधि बताई गई। 17वीं सदी में नमक, पानी और बर्फ के मिश्रण से भी इसी तरह का प्रभाव सामने आया।



## ट्रेंड

### प्रचंड जनाक्रोश



पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भ्रष्टाचार, हिंसा, तुष्टीकरण और कुशासन के खिलाफ प्रचंड जनाक्रोश है, जो कि 'परिवर्तन' का बहुत बड़ा संकेत है। आने वाले तीन महीनों में हमारे कार्यकर्ता एकजुट होकर हर बूथ पर कमल खिलाएँगे और प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बनाएँगे।

- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### जी राम जी योजना



विकसित भारत - जी राम जी योजना अंतर्गत कम से कम 33% कार्य महिलाओं को देना अनिवार्य है, इससे ज्यादा होने पर कोई रोक नहीं है। इसमें बहनों के हितों को भी सुरक्षित रखने की कोशिश की गई है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### टीएमसी का सफर



'मां, माटी, मानुष' की सेवा के लक्ष्य के साथ टीएमसी का सफर एक जनवरी, 1998 को शुरू हुआ था। आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के प्रति अडिग और प्रतिबद्ध है। टीएमसी देश के हर व्यक्ति के अधिकार की लड़ाई के लिए पूरी तरह संकल्पित रहेगी।

- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल

### ब्रांडेड चीनी मुफ्त



दिल्ली के 65,883 अंत्योदय परिवारों को अब पैक्ड और ब्रांडेड चीनी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल अंत्योदय से राष्ट्रोदय की उस भावना को सशक्त करती है, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की गरिमा सर्वोपरि है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पुणे में शिवसेना उम्मीदवार ने दूसरे कैंडिडेट का फॉर्म निगला

## केस दर्ज; आरोपी बोला- मैं आधिकारिक उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| पुणे



महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव से पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। पुणे में शिवसेना के एक उम्मीदवार पर अपनी ही पार्टी के कैंडिडेट का ए-बी फॉर्म फाड़कर निगल लिया। घटना बुधवार को धनकवड़ी सहकारनगर वार्ड कार्यालय में हुई। बाद में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिवसेना के उम्मीदवार उद्धव कांबले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुणे में वार्ड नंबर 34 के लिए शिवसेना के दो उम्मीदवारों को ए-बी फॉर्म जारी किए गए थे। इसके बाद शिवसेना के उम्मीदवारों कांबले और मच्छिंद्र धवले के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान, कांबले ने धवले का ए-बी फॉर्म छीन लिया, उन्हें फाड़ दिया और टुकड़े निगल लिए। फॉर्म ए और बी जरूरी दस्तावेज हैं जिनके तहत एक राजनीतिक पार्टी किसी खास नॉमिनी को चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित करती है।

**15 जनवरी को चुनाव**

*बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, काउंटिंग अगले दिन होगी। नॉमिनेशन प्रक्रिया 23 दिसंबर को शुरू हुई थी, जो 30 दिसंबर को खत्म हुई। 2 जनवरी नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट 3 जनवरी को जारी की जाएगी।*

### कांबले हिरासत में, पूछताछ जारी

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस कांबले की तलाश कर रही थी। इस दौरान दस्तावेज निगलने वाले उद्धव कांबले खुद पुलिस स्टेशन पहुंच गए। उन्होंने बताया कि वे पार्टी के कुछ पदाधिकारियों के साथ खुद पुलिस के सामने आए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे वार्ड संख्या 36 से पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार हैं और पार्टी ने उन्हें ए-बी फॉर्म दिया था। हालांकि, चुनाव प्रक्रिया के दौरान उनके कार्यों के कारण उन्हें हिरासत में ले लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने 117 सीटें जीतीं

महाराष्ट्र की 288 नगर परिषदों और नगर पंचायत के लिए 2 दिसंबर और 20 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। 21 दिसंबर को आए नतीजों में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन (एनडीए) को बंपर जीत हासिल हुई। 288 सीटों (246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों) के रिजल्ट में महायुति को 207 सीटों पर जीत मिली। गठबंधन में भाजपा 117 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 53 सीटें, एनसीपी अजित को 37 सीटें मिलीं। वहीं, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन 44 सीटों तक सीमित रहा। इसमें कांग्रेस को 28 सीटें मिलीं, जबकि शरद पवार की एनसीपी को केवल 7 और शिवसेना (UबीT) को 9 सीटें हासिल हुईं।

## दलाई लामा ने नववर्ष पर दिया प्रेम का संदेश

**ल्हासा।** नववर्ष के अवसर पर तिब्बत के 14वें दलाई लामा ने मानवता को करुणा, संवेदनशीलता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे नववर्ष की शुभकामनाएं देते समय अधिक ईमानदार, करुणामय और गर्मजोशी से भरे इंसान बनने का संकल्प लें। दलाई लामा ने स्पष्ट किया कि यदि हम अपने व्यवहार और सोच में सकारात्मक बदलाव लाते हैं, तो ही दुनिया को एक अधिक समान और न्यायपूर्ण स्थान बनाया जा सकता है।

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**
Phone & Fax No 07749265740, Email ID–bmogurur@yahoo.com

पत्र क्रमांक / लेखां / निविदा / 2026 /03 गुरूर, दिनांक 01/01/2026

**।। द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि सामु. स्वा. केन्द्र गुरूर जिला बालोद छ.ग. में सामान्य भर्ती एवं जे.एस.एस.के. (JSSK) प्रकरण के मरीजों को भोजन एवं स्वल्पाहार आपूर्ति करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के महिला स्व सहायता समूहों/ अलाभकारी संस्था एवं भोजनालय से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त आवेदन हेतु कार्यालयीन दिवस व अवधि में राशि रूपयें 1000 (वापसी योग्य नहीं) नगद जमा कर निविदा प्रपत्र एवं शर्तें भोजन मेन्यू संबंधी निर्देश प्राप्त की जा सकेगी।

1. कुल व्यय - :- अनुमानित 06 लाख वार्षिक (18000/- का सुरक्षा निधि जीवनदीप समिति सी.एच.सी. गुरूर के नाम से बैंक ड्राफ्ट आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है।)
2. निविदा क्रय की प्रारंभिक तिथि - 02/01/2026
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 15/01/2026 अपरान्ह 03 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 15/01/2026 सायं 04 बजे (अवकाश एवं आवश्यक कार्य होने पर अगले कार्य दिवस)

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.)

## डीआरडीओ दिवस पर रक्षा मंत्री का दावा

# देश जल्द ही सुदर्शन चक्र का कर लेगा निर्माण, सुरक्षा के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



डीआरडीओ मुख्यालय में राजनाथ

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ मुख्यालय के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने दौरे के दौरान कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के प्रति संगठन की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस 2025 के अपने संबोधन में घोषित सुदर्शन चक्र के निर्माण में डीआरडीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल के तहत डीआरडीओ अगले दशक में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने के लिए जिम्मेदार है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आधुनिक युद्ध में वायु रक्षा के महत्व को देखा।

## केरल हाईकोर्ट में एसटीएफ ने किया खुलासा

# 'सबरीमाला मंदिर में कई और कलाकृतियों से भी सोना गायब'

एजेंसी ▶▶| सबरीमला



सबरीमाला सोना चोरी घोटाले को लेकर स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसटीएफ) ने कोर्ट में बड़ा खुलासा किया है कि मंदिर की और भी कलाकृतियों से सोना गायब है। केरल हाईकोर्ट के आदेश में जांच कर रही एसआईटी ने द्वारपालक मूर्तियों और मंदिर के गर्भगृह के दरवाजों से गायब सोने के संबंध में दो मामले दर्ज किए थे। हालांकि, कोल्लम की विजलेंस कोर्ट में पेश की गई एक रिपोर्ट में जिसमें एसआईटी ने कथित आरोपियों की हिरासत मांगी है, एजेंसी ने कहा है कि यह घोटाला केवल दो कलाकृतियों तक सीमित नहीं है। आगे कहा गया है कि मंदिर के प्रभा मंडलम में सात तांबे की प्लेटों से सोना गायब है, जो शिव और व्याली रूपम की मूर्तियों को ढकता है। जानकारी दे दें कि पहले माना जा रहा था कि सिर्फ द्वारपालक की दो मूर्तियों से सोना गायब है, लेकिन अब जांच में सामने आ रहा कि 7 और पैनलों से सोना गायब है।

## वायुसेना में हुई नवीन नियुक्तियां

# एयर मार्शल नागेश उपाध्यक्ष और कमांडिंग-इन-चीफ बने श्रीनिवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



नागेश कपूर व सीथेपल्ली श्रीनिवास

एयर मार्शल नागेश कपूर ने 1 जनवरी को भारतीय वायु सेना उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत एयर मार्शल नागेश कपूर ने दिसंबर 1985 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक उपाधि प्राप्त की और 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की युद्धक विमान इकाई में शामिल हुए। अनुभवी युद्धक पायलट, योग्य उड़ान प्रशिक्षक और युद्धक विमान लीडर एयर मार्शल नागेश कपूर ने मिग-21 और मिग-29 के सभी प्रारूप के विमान उड़ाए हैं। वहीं, एयर मार्शल सीथेपल्ली श्रीनिवास ने भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। एयर मार्शल श्रीनिवास के पास मिग-21, इस्क्रा, किरण, सहित अन्य विमानों पर 4200 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है। वे चेतक/चीता हेलीकॉप्टर पर द्वितीय पायलट और पेचोरा मिसाइल प्रणाली पर श्रेणीबद्ध संचालन अधिकारी के रूप में भी योग्य हैं।

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/2101/6440/2025/1347 नवा रायपुर दिनांक 30 DEC 2025

**सूबेदार/ उप निरीक्षक संवर्ग / प्लाटून कमाण्डर (गृह पुलिस विभाग) परीक्षा 2024**

सूबेदार/ उप निरीक्षक संवर्ग / प्लाटून कमाण्डर (गृह पुलिस विभाग) परीक्षा 2024 के दस्तावेज एवं शारीरिक माप परीक्षण दिनांक 06.01.2026 से 06.02.2026 तक जिला सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, रायपुर एवं राजनांदगांव (छ.ग.) के निर्धारित केन्द्र पर आयोजित की जाएगी। जिसकी समय सारणी निम्नानुसार है : -

| DATE | Reporting Time | PST TIME |
|---|---|---|
| 06.01.2026 To 06.02.2026 | 07:00 AM | 08:00 AM |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र दिनांक 26.12.2025 को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। आयोग द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
छ.ग. लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर

G-252605774/2

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर**
जोन क्रमांक 05
ईदगाह भाठा नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर (छ.ग.)
Email-rmczone5@gmail.com

क्र. 427/ जोन क्र. 5 / न.पा.नि./2025 रायपुर दिनांक 02/01/2026

**आम सूचना**

नगर पालिक निगम जोन क्रं. - 05 सीमा अंतर्गत ग्राम - भाठागांव, भक्त माता कर्मा वार्ड क्रं. -67 मे वर्धमान मोटर्स के पीछे ब्रम्हदेव कॉलोनी मे जाने वाली मार्ग मे स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर - 257 रकबा लगभग- 10,000 वर्गफुट है जिस पर अवैध प्लॉटिंग किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। उक्त भूमि को सार्वजनिक प्रयोजन हेतु अधिग्रहण / कब्जा करने की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध मे यदि किसी व्यक्ति / संस्था का उक्त भूमि पर किसी प्रकार का दावा आपत्ति या स्वामित्व संबंधी अधिकार हो, तो वह इस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने दावे से संबंधित समस्त दस्तावेज संलग्न कर लिखित रूप मे लाखेनगर जोन कार्यालय जोन क्रं. – 05 नगर पालिक निगम रायपुर मे प्रस्तुत कर सकता है।

निर्धारित समयावधि मे कोई दावा / आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जाएगा कि संबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई दावा शेष नहीं है तथा नगर पालिक निगम द्वारा नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिये पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।

यह सूचना जनहित मे जारी की जाती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

जोन कमिश्नर,
जोन क्र. 05
नगर पालिक निगम, रायपुर

**CHHATTISGARH MINERAL DEVELOPEMENT CORPORATION LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)
REGD OFFICE: SECTOR 24, BLOCK NO. 07 A,
THIRD FLOOR, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR (C.G.)-492015

e-Tender No.: - MSTC/RPR/CHHATTISGARH MINERAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED/3/RAIPUR/25-26/52791

Date 02.01.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online and sealed tenders are invited from experienced and financially sound parties for Raising Cum Marketing of Dolomite in Chhitapandariya Dolomite Mine, Sakti district, Chhattisgarh India. The details of Bid submission and related dates are given as below :-

1. The Bid Document will be available for download at the cost of Rs. 50,000+Rs. 9,000 (18% GST) = 59,000 (Rs. Fifty-Nine Thousand Only). The Bid Document can be viewed and downloaded from the website of MSTC Ltd namely https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/ from **02/01/2026 to 29/01/2026 up to 3:00 p.m.** against payment of the above cost of Bid Document. Bidders shall not be allowed to bid without paying the above-mentioned Tender Fee. The cost of the Bid Document is non-refundable.
2. For clarification of the issues related to the tender pre bid conference will be held in CMDC's H.O. on **15/01/2026 at 2.00 p.m.**
3. The last date for online submission of Technical Bid and Base Price Offer is **29/01/2026 up to 3:00 p.m.** The original hard copies of the Technical Bid only should be submitted to the CMDC's office on or before **29/01/2026 up to 3:00 p.m.** Technical Bid will be opened on the same day at 4.00 p.m. at CMDC's Head office, Sector 24, Block No. 07 A, Third Floor, Atal Nagar, Nava Raipur (Chhattisgarh)-492015;
For further clarifications Chief General Manager, CMDC, Raipur may be contacted at 0771-2960539 (E-mail: cmdcraipur@gmail.com).
4. Notice Inviting Tender (NIT) and Tender at a glance can be viewed and downloaded from the CMDC's website www.cmdc.co.in from **02/01/2026**.
5. Notice Inviting Tender is in brief. For further details, the Bidder shall refer the Bid Document.

S-46411/1 Managing Director

### कमजोर पीस डील मंजूर नहीं : जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने न्यू ईयर मैसेज में कहा कि वो युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं, लेकिन कमजोर या अस्थायी शांति समझौते को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे। जेलेंस्की ने अपने 21 मिनट के संबोधन में कहा कि लगभग 4 साल से चल रहे युद्ध ने यूक्रेनियों को थका दिया है, लेकिन थकान का मतलब हार या सरेंडर नहीं है। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ ऐसे समझौते पर ही साइन करेंगे जो मजबूत हो और जिससे यूक्रेन में लंबे समय के लिए शांति ला सके।

### राजस्थान के युवक की अमेरिका में मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के युवक की अमेरिका के जॉर्जिया में साइलेंट (हार्ट) अटैक से मौत हो गई। युवक अपनी करीब डेढ़ बीघा जमीन बेचकर अमेरिका गया था। वह वहां शॉपिंग मॉल में बिलिंग का काम करता था। 29 दिसंबर की रात अपने घर पर वीडियो कॉल पर बात कर सोया था। अगले दिन 30 दिसंबर को नहीं उठा। दोस्त हॉस्पिटल लेकर गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वह खैरथल-तिजारा जिले का रहने वाला था। अब परिवार बेटे के शव आने का इंतजार कर रहा है।

### पुणे ब्लास्ट के आरोपी की हत्या

**पुणे।** पुणे में 2012 के जंगली महाराज रोड सीरियल बम विस्फोट मामले में आरोपी असलम शब्बीर शेख उर्फ बंटी जहागीरदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की यह घटना महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के श्रीरामपुर में हुई। श्रीरामपुर के वार्ड नंबर 2 के रहने वाले जहागीरदार फिलहाल जमानत पर बाहर थे। पुलिस के अनुसार, धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब जहागीरदार श्रीरामपुर के एक कब्रिस्तान से बाहर निकले तो अज्ञात हमलावरों ने उन पर दो पिस्तौल से गोलियां चलाईं।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक /4394/लो.क./2025 सारंगढ़ दिनांक :-30/12/25

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य हेतु (त्रि लिफाफ पद्धति) मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 21.01.2026 सायं 03:30 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि 22.01.2026 प्रातः 11:00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | मद | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 03 में बोतल्दा ट्रेक्टर गली में सी.सी.रोड निर्माण कार्य | अधोसंरचना मद वर्ष 2025-26 | 6.74 | 5500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 04 रायगढ़ रोड़ तालाब के पास यात्रि प्रतिक्षालय निर्माण | | 6.11 | 5000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 04 देवांगन धर्मशाला गली गणपती प्लाई के पास सी.सी. रोड़ निर्माण | | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 07 रेस्ट हाउस से पशु चिकित्सालय तक आर.सी.सी. नाली एवं कव्हर निर्माण | | 3.54 | 4000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 5 | वार्ड क्र. 10 बिलासपुर रोड मुक्तिधाम से मेन रोड तक आर.सी.सी. नाली एवं कव्हर निर्माण | | 5.78 | 4500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 6 | पं. लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय में बाउण्ड्री वाल निर्माण | | 9.72 | 7500.00 | 750.00 | 03 माह |

निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज, व अन्य जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन अवधि अथवा https://uad.cg.gov.in/ की वेबसाईट में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सारंगढ़

*पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।*

epaper : www.haribhoomi.com
**हरिभूमि CLASSIFIED**
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06-जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019. (RO-348)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1) कार चलाने हेतु अनुभवी, कुशल ड्राईवर (2) ऑफिस गर्ल की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9300532000 / 9893132000. (RO-402)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- बच्चों के रेडीमेड वस्त्रों (होलसेल) की दुकान में कार्य करने अनुभवी लड़के एंव लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ज्योति किड्स वेअर l g v p पंडरी रायपुर 9425215272.(RO-129)

**ऑफिस स्टाफ**

आवश्यकता है- Hiring Office Staff– Shankar Nagar (1)Web Developer (2)IT Support (3)Tele-Caller/Front Desk(Female) (4)Marketing Executive (5)Video Editor & YouTube Manager (6)Digital Marketer (7)Computer Trainer(Female) Freshers/Experienced. Immediate joining. 9300532000, 8878228031.(RO-402)

**सेवाकर्मी**

आवश्यकता है- प्राकृतिक चिकित्सालय में सेवा कार्य हेतु 20से 35वर्ष महिला/ पुरुष कर्मी की आवश्यकता है। सामान्य शिक्षा, वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क समय 9से 12 शाम 4से 6, प्राकृतिक चिकित्सालय, आनंदनगर रायपुर 9993137510. (RO-374)

**सिविल कांट्रेक्टर**

आवश्यकता है- अनुभवी सिविल कांट्रेक्टर जो लेबर रेट पर रायपुर में बेसमेन्ट/जी प्लस इलेवन की बिल्डिंग हेतु संपर्क - श्री प्रवीण जी, मों.- 9329116108. (RO-6519)

**कुक/वेटर**

आवश्यकता है- जीवन विहार स्थित ब्लू बैरी इन होटल में साउथ इंडियन कुक,इंडियन कुक एवं वेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क 9425506411, 9109955002. (RO-437)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- दवा कंपनी में कार्य हेतु, आठवीं/दसवीं पढ़े लड़कियों की आवश्यकता है, दुर्ग-भिलाई निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.- 96177-89223, 94255-55659 मिलने का समय- शाम 5बजे से 8बजे तक पताः- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग (छ.ग.) (आरो न.-4128)

**साउंड सिस्टम ऑपरेटर**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चालाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता है संपर्कः दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर 98271-14645, 91311-39179.(RO-446)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**इंचार्ज/सेल्स अधिकारी**

आवश्यकता है- राधा कृष्ण सेवा संस्थान में, रायपुर एवं बिलासपुर के लिए कार्यालय इंचार्ज, विकास अधिकारी, सेल्स ऑफिसर चाहिए, शासकीय सेवा मुक्त को प्राथमिकता सिविल ग्रेजुएशन, ग्रेजुएट भी संपर्क कर सकते हैं मो. 8109100493. (प्रबंधक आर.के.एस.एस)(RO-6521)

**टैक्नीशियन**

आवश्यकता है- मोबाइल शॉप में कार्य हेतु (ऑलराउन्डर) इमानदार लड़के या लड़की व टैक्नीशियन की आवश्यकता है। टैली कार्य भी आता हो तो अतिउत्तम आल आई रिपेयर पंडरी (भाटागांव) रायपुर - 7987590745, 9993335496.(RO-6522)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

बेचना है- प्रीमियम शॉप स्पेस फॉर सेल शहीद स्मारक काम्पलेक्स अपोजिट नवभारत प्रेस ग्राउंड फ्लोर 02 शॉप प्रत्येक शॉप 550 स्क्वायर फीट संपर्क- 9431103284, 9955712450. (RO-6595)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- बैरन बाजार रायपुर स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान में 25 - 35 वर्षीय पढ़ी-लिखी महिला केयर टेकर 24 घंटे रहने- खाने की सुविधा एवं अच्छा वेतन। बाहरी व जरूरतमंद महिला को प्राथमिकता। संपर्क करें- 7225844359.(RO-6510)

**घरेलू नौकर**

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित अग्रवाल फैमिली हेतु 12 घंटे एवं 24 घंटे* कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय एवं जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता अनुभवः 5 वर्ष योग्यताः न्यूनतम 10वीं पास वेतनः 25,000 प्रतिमाह सुविधाएंः रहने और खाने की व्यवस्था नि.शुल्क स्थानः सिविल लाइन्स रायपुर केवल अनुभवी और जिम्मेदार संपर्क करें:- 9109125252/ 9109972720. (RO-447)

**Property प्रापर्टी**

**जमीन**

जमीन बेचना है- न्यू धमतरी रोड पर कोडेबोड में 1.22 एकड़, (400 वर्गफुट फ्रंट, दो रोड वाली पूर्वमुखी) जमीनः- राइस मिल, पोहा मिल, दाल मिल, गोदाम, फैक्ट्री, भविष्य निवेश आदि हेतु उपयुक्त। 9300593000.(RO-7241)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - बसुधा फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) संपर्कः- 9755239652. (RO-449)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

RAIPUR Smart BUSINESS
GST रजिस्ट्रेशन नम्बर बनवाएं मात्र 3 दिन में
5 साल पुरानी ITR फाइल बनवाएं मात्र 5000/- में (व्हाट्सएप पर बनवाएं) www.onlytds.com
GST-Return | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TDS रिफंड | CMA DATA | MSME रजिस्ट्रेशन | Food लाइसेंस
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544




Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## जैकेट के शेष

### संघ प्रमुख भागवत बोले....

है। हम सब एक दूसरे को पकड़कर चलें, जहां समाज में संगठन और सद्भावना है वहां वह असफल हो जाते हैं। यह जानकारी बताने से ही जाएगी। लव जिहाद, मतांतरण से सावधान रहने की जरूरत है। इसके लिए जन जागरण भी जरूरी है। **घर में कुटुंब प्रबोधन करें** : दूसरा, घर में कुटुंब प्रबोधन करें। सप्ताह में एक दिन निश्चित करें और सब लोग एकत्र हों। भजन आदि करें और घर में बना भोजन मिलकर करना। उसके बाद चर्चा करना। हमारी कुल रीति क्या है, हमारे पूर्वज कौन थे, उनकी विशेषता क्या थी, हम उनके संस्कार को कितना मानते हैं। कुछ कमी है तो उसे दूर करना। परिवार के बीच देश की चर्चा करें। देश में क्या अच्छी चीजें हैं, क्या चुनौती हैं। ऐसे विषयों पर सहमति बनाएं तभी उन्हें लागू करें। ऐसा मंगल संवाद सप्ताह में एक दिन करना चाहिए। इसी तरह समाज के कार्य में मैं कितना समय दे सकता हूं, यह तय करें। समाज के लोगों को भी दिखाइए।

### हर समाज में ....

मिलकर जिस क्षेत्र में निवास करते हैं उसकी उन्नति के लिए क्या कर सकते हैं, यह साझा विचार करना चाहिए। हर समाज में हमारे मित्र हों, मित्र कुटुंब बनाएं।

### पानी बचाएं, प्लास्टिक ....

कि झुग्गी में भी कभी कभार जाना, वह भी अपना है। पांचवां, संविधान में प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, नागरिक कर्तव्य, नीति निर्देशक तत्व बताए गए हैं। सबको इसकी जानकारी होनी चाहिए। देश के सभी नियम कानून का पालन करना चाहिए। कुछ बातें लिखित नहीं होती, लेकिन वह सामाजिक मूल्य हैं। बड़े बुजुर्गों का बच्चे सम्मान करें उससे विनम्रता आती है, यह सब करने से समाज में सद्भावना बढ़ती है। समाज में आपस में सहयोग बढ़े इसका प्रयास प्रत्येक समाज को करना चाहिए। खंड स्तर पर यह प्रयास हो इस दिशा में सक्रिय हों।

### 14 सिंगल, 4 ....

सुनवाई करेगी जो अन्य डिवीजन बेंच के दायरे में नहीं आते, साथ ही फैमिली मामलों की फर्स्ट अपील और रिट याचिकाएं भी यहीं सुनी जाएंगी। इसी तरह तीसरी डिवीजन बेंच जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की होगी। इसमें अन्य बेंचों में शामिल न होने वाले सभी सिविल मामले, कंपनी अपील, टैक्स प्रकरण, इक्विटल अपील और डिवीजन बेंच के रिट मामले शामिल रहेंगे। चौथी डिवीजन बेंच में जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल शामिल होंगे। यह बेंच कमर्शियल अपीलेट डिवीजन बेंच के मामले, वर्ष 2016 से लंबित एक्विटल अपील और रिट याचिकाओं की सुनवाई करेगी। इसके अतिरिक्त, मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की अलग-अलग स्पेशल सिंगल बेंच भी गठित की गई हैं।

### बीड़ी, सिगरेट और ....

ये उस क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे जो वर्तमान में ऐसे 'हानिकारक उत्पादों' पर लगाया जा रहा है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, एक फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और इसी तरह के उत्पादों पर 40 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा जबकि 'बीड़ी' पर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। इसके अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगाया जाएगा जबकि तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगेगा। तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा सुगंधित तंबाकू, गुटखा) के लिए एक नई एमआरपी-आधारित मूल्यांकन प्रणाली शुरू की गई है जिसके तहत 'पैकेट' पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर जीएसटी मूल्य निर्धारित किया जाएगा। गुटखा पर 91 प्रतिशत, चबाने वाले तंबाकू पर 82 प्रतिशत और जर्दा सुगंधित तंबाकू पर 82 प्रतिशत का अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया जाएगा। सिगरेट की लंबाई व फिल्टर के आधार पर प्रति 1,000 'स्टिक' पर 2,050 रुपए से लेकर 8,500 रुपए तक का कर लगेगा।

# पाकिस्तान से सकुशल लौटे 2732 नागरिक कैदी और मछुआरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ नए साल के पहले दिन दोनों देशों ने किया नागरिक कैदियों, मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान

पुरानी परंपरा के तहत भारत और पाकिस्तान ने नए साल के पहले दिन नई दिल्ली और इस्लामाबाद में मौजूद कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे की जेलों में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया है। जिसमें भारत ने 391 नागरिक कैदियों और 33 मछुआरों की सूची पड़ोसी देश को सौंपी है। ये वो लोग हैं जो बीते काफी वक्त से भारत की जेलों में बंद हैं और विश्वास के साथ अपने आप को पाकिस्तानी नागरिक मानते हैं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि केंद्र सरकार के लगातार जारी सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि 2014 से लेकर कुल 2 हजार 732 नागरिक कैदी और मछुआरे पाकिस्तान से सुरक्षित स्वदेश लौटे हैं। इनमें से 500 भारतीय मछुआरों और 13 नागरिक कैदियों की वतन वापसी 2023 से लेकर अभी तक हुई है।


**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**
**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, DHAMTARI**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- /NPP/2025/5981 Dhamtari Dated:29/12/2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 182101 | Construction of Choupati at Kanta Talab in Dhamtari | 195.76 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in Date 31.12.2025, Time 5.30 PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission 21.01.2026 at 5.30 PM Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above- mentioned portal.

Commissioner
Nagar Palik Nigam, Dhamtari
District - Dhamtari (C.G.)


## पेज एक के शेष

### दीवारों पर पान की पीक, पीले...

खुले में पेशाब से बनने वाले यलो स्पॉट और पान की पीक वाले रेड स्पॉट दिखने पर सीधे अंक कटेंगे और रैंकिंग प्रभावित होगी। देशभर के 10 लाख से अधिक आबादी वाले 46 शहरों के बीच सबसे स्वच्छ शहर की रैंकिंग तय करने 12,500 अंकों की स्पर्धा हो रही है। इसमें रायपुर शहर भी शामिल है। फरवरी में स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में केन्द्रीय टीम शहर आएगी। ऐसे में रायपुर नगर निगम की टीम इसकी तैयारी में जुट गई है। इस प्रतिस्पर्धा में इस बार दृश्यमान स्वच्छता, रैंकिंग का निर्णायक आधार होगी। मूल्यांकन की टीम शहर के आवासीय, व्यावसायिक और सार्वजनिक इलाकों में जाकर हालात देखेगी। मौके की फोटो और वीडियो लेकर धरातल की वास्तविक स्थिति दर्ज की जाएगी। जहां भी गंदगी, पान की पीक और खुले में पेशाब के पीले दाग नजर आएंगे, उसके नंबर कटेंगे। इसी तरह व्यावसायिक क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों, परिवहन केन्द्रों और पर्यटन स्थलों तथा शहर के बगीचों में भी टीम जाएगी। टीम अपनी रिपोर्ट में लिखेगी कि दीवारें और सार्वजनिक स्थल लाल धब्बों की स्थिति क्या है?

### नए साल पर दहला स्विट्जरलैंड...

जल्दी ही पूरी तरह से भर गए। स्कीइंग करने वाले पर्यटकों से भरे स्विस आल्प्स क्षेत्र में, अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से आने वाले दिनों में सावधानी बरतने का आह्वान किया है ताकि ऐसी किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। गौरतलब है कि जिस बार में ये घटना हुई वह काफी आलीशान है। इसका नाम ले कॉन्स्टेलेशन बार एंड लाउंज है।

### खाट पर शव लादकर...

पीएम कराने के लिए खाट पर लादकर चलना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद शव लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन पीएम कराने के बाद फिर से उसी रास्ते से शव लेकर वापस गांव लौटे। अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है हालांकि इस घटना को लेकर विधायक सीतापुर का बयान भी सामने आया है और उन्होंने जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने की बात कही है। बताया जा रहा है कि सीतापुर विकासखंड के ग्राम भारतपुर के लकरालता निवासी 45 वर्षीय सुरेन्द्र तिर्की का शव 31 दिसम्बर को गांव के चीनी-पानी तालाब में मिला था। ग्रामीण के डूबने से मृत्यु होने की शंका जताई जा रही थी। ग्रामीण 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे घर से मछली मारने के नाम पर निकला था और वापस घर नहीं लौटा जिसके बाद परिजन ने 30 दिसम्बर को सीतापुर थाना में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई थी और उसकी तलाश की जा रही थी। इधर शव मिलने के बाद मृतक का पीएम कराना जरुरी था लेकिन मोहल्ले तक सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। हालांकि क्षेत्र के भारतपुर तक सड़क का निर्माण हो गया है लेकिन इसके आगे 5 किमी का रास्ता बेदम दुर्गम है और चार पहिया वाहन से आवागमन संभव नहीं है।

### तय किया 5 किमी...

अंतिम संस्कार हो सका। हालांकि लोगों का लकरालता टोला पहाड़ी क्षेत्र में बसा हुआ है जहां 13-14 परिवार ही रहते हैं। आवागमन हेतु वन विभाग की कच्ची सड़क है और नाले पर पुलिया का निर्माण नहीं होने के कारण स्थिति विषम हो गई है। अब इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने भी प्रदेश सरकार पर हमला बोला है और विकास के दावों पर सवाल उठाए है।

### अब महिला कर्मचारी से...

सत्यापित वाहन, वाहन चालक एवं सुरक्षा गार्ड का विवरण इत्यादि तथा अन्य अपेक्षित जानकारी नियोजक द्वारा रखी जायेगी। राज्य सरकार के श्रम विभाग ने यह नया नियम बनाकर लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना से जुड़े नियम में बदलाव किया है। किसी दुकान या स्थापना या नियोजकों के वर्गों, जिस पर यह अधिनियम लागू होता है, में महिला कर्मकारों को रात्रि 09 बजे से सुबह 06 बजे तक इन शर्तों के अध्यधीन नियोजित किया जा सकेगा।

### ये नियम भी..

नियोजक द्वारा महिला श्रमिकों के रात्रि पाली में नियोजन की सूचना उनके नियोजन के पूर्व प्रपत्र-7 में श्रम विभाग के वेब पोर्टल में ऑनलाइन माध्यम से दिया जायेगा।

### शौचालय, पेयजल.

कर्मचारी नियोजित हों। किसी महिला को कार्यस्थल पर ठेकेदार द्वारा मातृत्व हितलाभ अधिनियम,के प्रावधानों के विरुद्ध नियोजित नहीं किया जावेगा।

### ये व्यवस्था भी करनी...

कार्य की अपेक्षा की जाती हो वहां प्रत्येक कर्मकार के लिए पृथक से बैठने की व्यवस्था नियोजक द्वारा की जाएगी, जिससे कि कर्मकार नियत अन्तराल में आवश्यकता अनुरूप बैठ सके। प्रत्येक नियोजक अग्नि से सुरक्षा संबंधी समुचित प्रावधान का पालन करेगा।

### अब लागू हुईं ये...

सुरक्षा गार्ड का विवरण इत्यादि तथा अन्य अपेक्षित जानकारी नियोजक द्वारा रखा जायेगा। प्रत्येक नियोजक महिला कर्मकारों हेतु एक शिकायत पेटी रखेगा। प्रत्येक नियोजक दुकान, स्थापना के सहजगोचर स्थान पर स्थानीय पुलिस थाना, पुलिस कंट्रोल रूम एवं महिला सहायता केन्द्र का फोन नंबर प्रदर्शित करेगा।

### 180 की स्पीड .....

के बीच इसके उद्घाटन की उम्मीद है। संभावित तारीख 17 या 18 जनवरी है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के संचालन से पूर्वोत्तर के लोगों को कोलकाता आने जाने में बहुत आसानी होगी। रेल मंत्री ने बताया कि अगले छह महीनों में 8 और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें आएंगी, जबकि पूरे साल भर में कुल 12 ट्रेनें पटरी पर उतरेंगी। स्लीपर वंदे भारत में यात्रियों का खास ध्यान रखा गया है। इसमें कई सारी सुविधाएं हैं, जो बहुत एडवांस और बाकि ट्रेनों से अलग हैं।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, गुवाहाटी से कोलकाता का थर्ड एसी का किराया 2300 रुपए जबकि सेकंड एसी का किराया 3000 रुपए होगा। फर्स्ट एसी का किराया 3600 रुपए होगा।


**पूर्व तट रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं. EPCCECONIII VSKP20250012, दिनांक : 25.12.2025
**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल में वैगन वर्कशॉप, वाडलापुडी, विशाखापट्टनम में POH उत्पादन को 300 से बढ़ाकर 600 वैगन करने के लिए वाडलापुडी वैगन वर्कशॉप का वृद्धिकरण।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 259,01,43,396.85, EMD : ₹ 1,29,50,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 (चौबीस) महीने।
**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 03.02.2026 को 1200 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।
उप मुख्य अभियन्ता (निर्माण-III)/ विशाखापट्टनम
PR-210/CI/25-26



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**
पता-पुराना बाजार चौक-कुरूद, फोन-7705-223149, फैक्स-7705-223535, Email- kurunp@gmail.com

क्रमांक/ 04/ लोनि.वि./आ.नि.आं.सू. / 2025-26 कुरूद, दिनांक 01/01/2026

**// ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रांतर्गत विभिन्न निर्माण / विकास कार्य हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार / फर्म हेतु ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| System Tender Number | Date of Inviting Tender | Detail of Work | Tender Call | Cost of work | Bid Due Date | Physical Doc Submission End Date | Bid Open Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 182841 | 01.01.2026 | स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अन्तर्गत एसटीपी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) | 4th | 217.02 Lakh | 16/01/2026 5.30 PM | 20/01/2026 5.30 PM | 21/01/2026 11.30 AM |
| 182844 | | स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् कुरूद में प्रस्तावित सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु संयंत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन / विकास कार्य | 1st | 54.63 Lakh | 27/01/2026 5.30 PM | 02/02/2026 4.00 PM | 02/02/2026 5.00 PM |
| 182847 | | वार्ड क्रमांक 05 जलशन तालाब के 50 किलो लीटर क्षमता का उच्च स्तरीय जलागार (ओव्हर हेड टेंक) 15 Meter Staging | 1st | 27.30 Lakh | 23/01/2026 5.30 PM | 27/01/2026 5.30 PM | 28/01/2026 11.30 AM |

उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्तें कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से भी अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
क्रम सं. (1): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-169-25-26, दिनांक. 24/12/2025
**कार्य:** बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विविध पुल सुधार कार्य
**निविदा मूल्य (रु):** 5,63,60,694/- **अमानत राशि (रु):** 4,31,800/- **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह **निविदा जमा करने की आरंभ तिथी:-** दिनांक. 05-01-2026 से । **निविदा जमा करने की अंतिम तिथी:** दिनांक. 19-01-2026 के 11:00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी !
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/AM/571 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)**
**Transmission Building, CSPTCL Tifra, Bilaspur (C.G.) 495001**
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-548/2253 Bilaspur, Date: 30.12.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced bidder on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/T-548/ 2253 dtd. 30.12.2025 (RFx No. 8100048626) | Job work of erection & installation of various structures & equipment's at 220KV S/s CSPTCL Kotmikala under EE (MRT-Cum:S/s)Dn. CSPTCL Korba on labour contract basis. | 5,800.00 |
| Cost of Tender Form (Non-refundable) including GST@18%. | | | 2,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | 20/01/2026 | 17:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | 21/01/2026 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | 21/01/2026 | 15:30 Hrs |

**Note:-** (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

SAVE ELECTRICITY
Addl. Chief Engineer
O/o E.D. (S/s) CSPTCL Bilaspur



**पूर्व तट रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं. CAOCRSPBBS-35-2025, दिनांक : 23.12.2025
**कार्य का नाम :** खोरधा रोड मण्डल के हावड़ा - विशाखापट्टनम मेन लाइन में इच्छापुरम - झाड़ूपुडि रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे चेनज 636/29-31 कि.मी. पर समपार सं. 337 के बदले में 1 X 36.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर + 4 X 24.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर वाले रोड ओवर ब्रिज (ROB) का निर्माण।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 58,85,34,279.39, EMD : ₹ 30,92,700.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 (चौबीस) महीने।
**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 28.01.2026 को 1500 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फार्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B, G & G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / RSP / भुवनेश्वर
PR-208/CI/25-26



**कार्यालयः- नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक /4282 / लो.नि.वि./ न.पा.प./ 2025 दल्लीराजहरा, दिनाँक 31.12.2025

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर नं. | लागत (लाख रू) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Dalli Rajhara, Chhattisgarh | 182821 | 146.74 | 25.01.2026 |

**टीपः-** निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध मे विस्तृत जानकारी विभाग के वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा



BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(10-02-26) **अंबिकापुर - अंबेडकर चौक**; PLJ3SGL13958989, 13997393, 13999104, 13999227, 14011668. **भिलाई - जीई रोड**; PEF2GOL15004388, 15000790, 15000864. (11-02-26) **भिलाई - कृष्णा थिएटर रोड**; PEI7GOL14990935, 14992672. **भिलाई - सिरसा गेट चौक**; PC48GOL15006550. **भिलाई - स्मृति नगर**; PD09GOL14997356. (12-02-26) **बिलासपुर - अग्रसेन चौक**; PI51GOL15023827, 15018397. **बिलासपुर - मुंगेली नाका**; PCP9GOL15020955, 15016407, 15020924. (13-02-26) **बिलासपुर - सरकंडा**; PGA8SGL15028350, 15024378, 15015926. **दुर्ग - स्टेशन रोड**; PGH7SGL15115799, 15132708. **कटघोरा - BGL**; P4E0GOL15274247, 15273116, 15265442, 15267053, 15272174, 15278955. (16-02-26) **कोरबा - सीएसईबी चौक**; PCS2GOL15295234, 15294679, 15299708, 15299931, 15293893, 15306879, 15298326, 15296941, 15305022. **कोरबा - कोसाबाड़ी**; PCR3SGL15302712. (17-02-26) **मनेंद्रगढ़ - BGL**; PCA9GOL15360319, 15353114, 15349169, 15357524, 15348269, 15351764, 15355352, 15351042, 15352852, 15352472, 15345423, 15354684, 15348571, 15358776, 15351760, 15350336, 15346595, 15346412, 15348056. **रायपुर - जीई रोड**; PEL4GOL15432303. (18-02-26): **रायपुर - पचपेड़ीनाका**; PEQ5SGL15434352. **रायपुर - पियांक टावर**; P79FGOL15432783, 15435962, 15433484, 15438634, 15435474. (19-02-26) **रायपुर - तेलीबांधा रोड**; PEK3SGL15435839, 15438107, 15442575, 15438940, 15438989, 15436119. **राजनांदगांव- जीई रोड**; PEH3GOL15459137, 15454062. **व्यापार - विहार बिलासपुर**; PJG4SGL15547330, 15559696.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**


## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6096



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट,शर्ट-3
6. लाख,गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान,रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा,उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष,बरस-2
18. लय,स्वर-2
19. गदर,बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर,घमंड-4
24. राजा,सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ,फिजूल-3
28. चतुर्थ,चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत,जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर,थाती-4
15. तरंग,हिलोर-3
16. निरंकुश,मुंहजोर-4
17. किनारा,तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया,जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर,भगवान-2
28. प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -6095 का हल



## सूडोकु नवताल - 6106

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## खबर संक्षेप

### मारुति की बिक्री दिसंबर में 22 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया की दिसंबर 2025 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 22.21 प्रतिशत बढ़कर 2,17,854 इकाई हो गई। दिसंबर 2024 में यह 1,78,248 इकाई रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर की आपूर्ति सहित कुल घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,92,115 इकाई रही जबकि दिसंबर 2024 में यह 1,40,829 इकाई थी।

### टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की बिक्री में 14% का इजाफा

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लि. की बिक्री दिसंबर 2025 में 14.1 प्रतिशत बढ़कर 50,519 इकाई रही। कंपनी ने 2024 के इसी महीने में कंपनी ने 44,289 वाहन बेचे थे। सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 13.1 प्रतिशत बढ़कर 50,046 इकाई रही, जबकि दिसंबर 2024 में यह 44,230 इकाई थी।

### हुंडई मोटर इंडिया की बिक्री दिसंबर में 6.6 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया की दिसंबर 2025 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 6.6 प्रतिशत बढ़कर 58,702 इकाई रही। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बयान में कहा कि इसमें घरेलू बिक्री 42,416 इकाई और 16,286 इकाई का निर्यात शामिल हैं।

### टोयोटा की दिसंबर में बिक्री 33 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की दिसंबर 2025 में बिक्री सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 39,333 इकाई हो गई। यह दिसंबर 2024 में 29,529 इकाई रही थी। बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 34,157 इकाई रही। यह दिसंबर 2024 की 24,887 इकाई की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है।

### ऑडी इंडिया ने बीते साल 4,510 वाहन बेचे

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी ने देश में साल 2025 में 4,510 वाहनों की खुदरा बिक्री की ऑडी इंडिया ने कहा कि उच्च प्रदर्शन और जीवनशैली से जुड़ी कारों की बिक्री में हुई बढ़ोतरी ने जीएसटी 2.0 के समर्थन के साथ मिलकर ग्राहकों के भरोसे को बढ़ाया और पूरे लक्जरी कार बाजार को समय पर मजबूती प्रदान की।

### स्कोडा की बिक्री दोगुना से अधिक होकर 72,665 इकाई

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया की कैलेंडर वर्ष 2025 में कुल बिक्री दोगुना से अधिक होकर 72,665 इकाई हो गई। 2024 में यह आंकड़ा 35,166 इकाई था। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह भारत में उसके 25 वर्ष के सफर के दौरान अब तक का सबसे मजबूत बिक्री प्रदर्शन है। 2025 में भारत में ब्रांड का 25 वर्ष पूरे हो गए। कंपनी के पास अब तक का सबसे उन्नत एवं विविध उत्पाद खंड है, साथ ही नेटवर्क और बाजार मौजूदगी के लिहाज से भी यह अपने सबसे व्यापक स्तर पर है।

# चीन का नए साल पर ऐतिहासिक फैसला, बदल दिया वॉलेट से मनी सिस्टम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नया साल शुरू होते ही चीन ने ऐसा फैसला लिया है, जिसने दुनिया के मनी सिस्टम को लेकर नई बहस छेड़ दी है। चीन अब अपने डिजिटल युआन को सिर्फ पेमेंट के साधन से आगे ले जाकर बैंक डिपॉजिट जैसा बना रहा है। यानी डिजिटल वॉलेट में रखा पैसा ब्याज भी देगा और सुरक्षित भी रहेगा।

- वॉलेट में रखा पैसा भी सुरक्षा और ब्याज देगा

अब तक डिजिटल पैसा मतलब यूपीआई, पेटीएम, अलिपेय या वीचाट पे जैसे ऐप्स को समझा होगा। इनमें पैसा बस लेन-देन के लिए होता है। न उस पर ब्याज मिलता है, न वो बैंक में जमा पैसे जैसा माना जाता है। लेकिन चीन ने इसी सोच को बदल दिया है।

सबसे अहम बात यह है कि इस डिजिटल युआन वॉलेट को अब सीधे बैंकों की बैलेंस शीट पर रखा जाएगा। मतलब यह पैसा बैंक की जिम्मेदारी होगा। यही वजह है कि इसमें डिपॉजिट इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा।

## डिजिटल युआन को बैंक डिपाजिट जैसा बना रहा है

### डॉलर का क्या होगा?

असल में चीन एक नया सॉवरेन मनी रेल बना रहा है। यानी ऐसा डिजिटल सिस्टम, जो अमेरिकी डॉलर पर निर्भर नहीं होगा। अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए चीन ने हांगकांग को टेस्टिंग ग्राउंड बनाया है। वहां लोग डिजिटल युआन डाउनलोड करके पेमेंट कर सकेंगे. इसके अलावा चीन, हांगकांग, थाईलैंड और यूएई मिलकर एक्सपोर्ट-इंपोर्ट के भुगतान में डिजिटल युआन का इस्तेमाल शुरू कर चुके हैं।

*डॉलर पर निर्भरता कम होगी : अगर भविष्य में ज्यादा देश इस सिस्टम से जुड़ते हैं, तो डॉलर पर निर्भरता कुछ हद तक कम हो सकती है। हालांकि डॉलर की ताकत रातों-रात खत्म नहीं होगी, लेकिन चीन ने साफ संकेत दे दिया है कि वह अपने पैसे का सिस्टम खुद कंट्रोल करना चाहता है। बड़ी तस्वीर में देखें तो यह फैसला सिर्फ टेक्नोलॉजी का नहीं, बल्कि ताकत का है। पैसा किसका चलेगा, किस सिस्टम से चलेगा और किस नियम पर चलेगा-चीन अब इसका जवाब खुद लिखने की कोशिश कर रहा है। और यही वजह है कि दुनिया भर की नजर इस फैसले पर टिकी हुई है।*




*असर पेमेंट सिस्टम पर पड़ेगा : अभी तक चीन में डिजिटल भुगतान का कंट्रोल काफी हद तक प्राइवेट कंपनियों जैसे अलिपेय और वीचॉट के पास रहा है। लेकिन अब डिजिटल पैसे का असली हाईवे सीधे चीन का केंद्रीय बैंक और सरकारी-निजी बैंक मिलकर बनाएंगे।*

*आम आदमी के लिए इसका मतलब : मान लीजिए आपके मोबाइल वॉलेट में 10,000 युआन पड़े हैं। पहले यह पैसा सिर्फ ट्रांजैक्शन के काम आता था। अब वही पैसा बैंक अकाउंट की तरह सुरक्षित भी रहेगा और धीरे-धीरे बढ़ेगा भी। यानी नकदी और बैंक डिपॉजिट के बीच का फर्क लगभग खत्म हो जाएगा। यहां यह समझना बहुत जरूरी है कि डिजिटल युआन कोई क्रिप्टोकरेंसी नहीं है। यह बिटकॉइन जैसा जोखिम भरा या अनियमित सिस्टम नहीं है।*

### ई-सीएनवाई एक नए रूप में सामने आएगा

अब अगर किसी व्यक्ति के डिजिटल युआन वॉलेट में पैसा रखा है, तो उस पर ब्याज मिलेगा। यानी यह पैसा सिर्फ खर्च करने के लिए नहीं रहेगा, बल्कि बैंक में जमा पैसे की तरह काम करेगा। इतना ही नहीं, इस पैसे पर डिपॉजिट इंश्योरेंस जैसा सुरक्षा कवच भी होगा, जैसा सामान्य बैंक खातों में होता है।

## केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था पर एक रिपोर्ट की पेश

# अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही आगे बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सशक्तः आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू मांग में तेजी, नियंत्रित महंगाई और बैंकों की मजबूत वित्तीय स्थिति के समर्थन से मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया। आरबीआई की दिसंबर 2025 की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) के मुताबिक, देश की वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है।

बैंकों के मजबूत बहीखाते, अनुकूल वित्तीय परिस्थितियों और वित्तीय बाजारों में कम उतार-चढ़ाव ने इसे समर्थन दिया है। आरबीआई ने आगाह किया कि भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण निकट भविष्य में कुछ जोखिम बने हुए हैं। यह रिपोर्ट ''वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' की उप-समिति के सामूहिक आकलन को दर्शाती है।

### बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की स्थिति मजबूत बनी हुई है। बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार है, ऋण गुणवत्ता में सुधार हुआ है और मुनाफा भी मजबूत है। आरबीआई ने व्यापक दबाव परीक्षण निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि बैंक मुश्किल हालात में भी संभावित नुकसान झेलने में सक्षम हैं और उनका पूंजी बफर नियामकीय न्यूनतम स्तर से कहीं ऊपर बना रहता है।

- देश की वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है
- बैंकों के मजबूत बहीखाते से वित्तीय प्रणाली में स्थिरता
- वैश्विक अनिश्चितता के कारण भविष्य में कुछ जोखिम बने हुए




### जीडीपी में वृद्धि उम्मीद से बेहतर

अर्थव्यवस्था के संदर्भ में रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली और दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। पहली तिमाही में वृद्धि 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत रही। इसे निजी खपत और सरकारी पूंजीगत खर्च से समर्थन मिला।

### *बैंकों का एनपीए अनुपात बढ़ सकता है*

*हालांकि, प्रतिकूल परिस्थितियों में यह अनुपात बढ़कर 3.2 प्रतिशत से लेकर 4.2 प्रतिशत तक जा सकता है। पूंजीगत मोर्चे पर आरबीआई ने कहा कि सितंबर 2025 तक जोखिम-भारित परिसंपत्तियों के मुकाबले पूंजी अनुपात सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 16 प्रतिशत और निजी बैंकों में 18.1 प्रतिशत रहा जो मजबूत स्थिति है।*

### *म्यूचुअल फंड कंपनियों की स्थिति मजबूत*

*इन परीक्षणों में म्यूचुअल फंड कंपनियों और समाशोधन निगमों की स्थिति भी मजबूत पाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकों का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात सामान्य स्थिति में मार्च 2027 तक घटकर 1.9 प्रतिशत रह सकता है। सितंबर 2025 में यह अनुपात 2.1 प्रतिशत था, जो कई दशकों के निचले स्तर के करीब है।*

### ऊंचे आयात शुल्क से व्यापार पर असर

रिपोर्ट कहती है, /"वृद्धि की संभावनाएं आगे भी सकारात्मक बनी हुई हैं। कम महंगाई, अनुकूल वित्तीय हालात, सामान्य से बेहतर मानसून, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में कटौती और डिजिटल सार्वजनिक ढांचे का विस्तार इसमें मददगार रहेगा।/" आरबीआई ने मुद्रा बाजार पर अपनी टिप्पणी में कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ जो ऊंचे आयात शुल्क से व्यापार पर आए दबाव और पूंजी प्रवाह में सुस्ती का नतीजा है।

### रुपए पर दबाव बना हुआ

रिपोर्ट कहती है कि भारत पर प्रभावी अमेरिकी शुल्क दर अन्य व्यापारिक साझेदारों की तुलना में अधिक होने के कारण, वैश्विक स्तर पर डॉलर कमजोर होने के बावजूद रुपये पर दबाव बना रहा।

# देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 100 करोड़ के पार



- 95.49 करोड़ उपभोक्ता 'वायरलेस नेटवर्क' से जुड़े थे
- 4.48 करोड़ उपभोक्ता 'फिक्स्ड लाइन कनेक्शन' का उपयोग कर रहे थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या नवंबर 2025 में 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने यह जानकारी दी। अक्टू बर 2025 में भारत में कुल 99.98 करोड़ ब्रॉडबैंड उपभोक्ता थे।

इनमें से 95.49 करोड़ उपभोक्ता 'वायरलेस नेटवर्क'' से जुड़े थे, जबकि 4.48 करोड़ उपभोक्ता 'फिक्स्ड लाइन कनेक्शन'' का उपयोग कर रहे थे।वायरलेस ब्रॉडबैंड कनेक्शन वह होता है, जिसमें इंटरनेट सेवा मोबाइल नेटवर्क या रेडियो तरंगों के माध्यम से दी जाती है। इसमें मोबाइल फोन, डोंगल, हॉटस्पॉट और सिम आधारित इंटरनेट सेवाएं शामिल होती हैं। इसके लिए किसी तार या केबल की आवश्यकता नहीं होती। फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड कनेक्शन वह होता है, जिसमें इंटरनेट सेवा केबल या फाइबर तार के माध्यम से घर या कार्यालय तक पहुंचाई जाती है। ट्राई ने बयान में कहा कि नवंबर 2025 के दौरान भारत में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या एक अरब यानी 100 करोड़ से अधिक हो गई। अक्टूबर में जियो ब्रॉडबैंड बाजार में सबसे आगे रहा। उसके पास 49.49 करोड़ वायरलेस और 1.34 करोड़ फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड उपभोक्ता थे।

### दूसरे स्थान पर एयरटेल रहा

इसके बाद भारती एयरटेल का स्थान रहा, जिसके पास 30.26 करोड़ वायरलेस और 99.1 लाख फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड उपभोक्ता थे। ट्राई के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या छह गुना से अधिक बढ़ी है। नवंबर 2015 के अंत में देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 13.15 करोड़ थी, जो नवंबर 2025 के अंत तक बढ़कर 100.37 करोड़ हो गई।

# सोना नए साल के पहले दिन मजबूत और चांदी फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना 640 रुपए बढ़कर 1,8,340 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 1,600 रुपए टूटकर 2,37,400 रुपए प्रति किलो

नये साल के पहले दिन बृहस्पतिवार को सोने में मजबूती रही और यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 640 रुपये बढ़कर 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,37,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 1,600 रुपये टूटकर 2,37,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रही, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बीते वर्ष के दौरान सोने और चांदी दोनों में तेजी शानदार रही। सोने ने 73.45 प्रतिशत का लाभ दिया। इस बीच, चांदी ने लगभग 164 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोने से बेहतर प्रदर्शन किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना बुधवार को 28 डॉलर यानी 0.65 प्रतिशत घटकर 4,310.89 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज़ प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा, ''वर्ष 2025 के आखिरी कारोबारी दिन, अमेरिकी प्रतिफल में सुधार के कारण हाजिर सोना 4,310 डॉलर प्रति औंस पर गिरावट के साथ बंद हुआ। सिंह ने आगे कहा कि अल्पावधि में अंतरराष्ट्रीय सोना की कीमतें एक सीमित दायरे में रहने की संभावना है।

### फेड से ब्याज दर कटौती की उम्मीद

इसमें अमेरिकी फेडरल रिजर्व से ब्याज दर को लेकर उम्मीदें, डॉलर की मजबूती या उसकी कमजोरी शामिल हैं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी के निर्यात पर चीन के नए नियंत्रण से भी वैश्विक आपूर्ति पर असर पड़ने और निकट अवधि में सर्राफा कीमतों को दिशा तय होने की उम्मीद है।

# गेल गैस ने सीएनजी, घरेलू पीएनजी की कीमतें घटाईं

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

सार्वजनिक क्षेत्र की गेल गैस लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) और सीएनजी की कीमतों में क्रमशः एक रुपये प्रति मानक घन मीटर और एक रुपये प्रति किलो की कटौती करने की घोषणा की।

गैस कीमतों में कटौती का यह कदम पाइपलाइन शुल्क में हाल ही में किए गए समायोजन के बाद उठाया गया है। इसके एक दिन पहले ही देश की सबसे बड़ी शहरी गैस वितरक कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने दिल्ली और एनसीआर में घरेलू पीएनजी की कीमतों में 0.70 रुपये प्रति घन मीटर की कटौती की थी। इससे पहले,



- पीएनजी में एक रुपए प्रति मानक घन मीटर की कटौती की

थिंक गैस ने भी सीएनजी में 2.50 रुपये प्रति किलो और पीएनजी में पांच रुपये प्रति घन मीटर तक की कटौती की घोषणा की थी। गेल इंडिया लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी गेल गैस लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि गैस की नई कीमतें बृहस्पतिवार से उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा में लागू हो गई हैं। लगातार प्रगतिशील नीतिगत उपाय लागू कर रहे हैं, जो सीएनजी और घरेलू पीएनजी बाजार के विकास के लिए अनुकूल और वित्तीय रूप से स्थायी माहौल तैयार कर रहे हैं।

### गैस का परिवहन सस्ता व सरल होगा

पीएनजीआरबी ने 16 दिसंबर को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए युक्तिसंगत शुल्क संरचना की घोषणा की थी। एक जनवरी से यह संशोधित शुल्क ढांचा प्रभावी होने से गैस का परिवहन सस्ता और सरल हो जाएगा।

## नए साल के पहले दिन शेयर बाजार रहा स्थिर

**मुंबई।** दिग्गज कंपनी आईटीसी के शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की निकासी के बीच वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की हल्की भागीदारी के बीच चुनिंदा खरीदारी से शेयर बाजार को थोड़ा समर्थन मिला लेकिन डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 32 अंक गिरकर 85,188.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 16.95 अंक बढ़त के साथ 26,146.55 अंक पर बंद हुआ। प्रमुख सुदीप शाह ने कहा, /"यह 17 सितंबर, 2025 के बाद का सबसे छोटा दैनिक कारोबार दायरा रहा।

# जीएसटी संग्रह दिसंबर में छह प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपए पर

- करों में कटौती के बाद जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- दिसंबर 2024 में जीएसटी संग्रह 1.64 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था

दिसंबर महीने में सकल जीएसटी संग्रह 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। दिसंबर 2024 में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। दिसंबर 2025 में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 1.2 प्रतिशत बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 19.7 प्रतिशत बढ़कर 51,977 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर में कर 'रिफंड' 31 प्रतिशत बढ़कर 28,980 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध जीएसटी राजस्व (कर रिफंड समायोजन के बाद) 1.45 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.2 प्रतिशत अधिक है।

## महिंद्रा की दिसंबर में वाहन बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की दिसंबर 2025 में निर्यात सहित कुल बिक्री सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 86,090 इकाई हो गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने शेयर बाजार को बृहस्पतिवार को दी सूचना में बताया कि दिसंबर 2025 में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 50,946 इकाई हो गई जबकि 2024 दिसंबर में यह 41,424 इकाई थी।

इसमें कहा गया कि घरेलू बाजार में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 24,786 रही जो 2024 दिसंबर की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक है। एमएंडएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (मोटर वाहन विभाग) नलिनीकांत गोल्लागंटा ने कहा, '' कैलेंडर वर्ष 2025 सकारात्मक रुख के साथ समाप्त हुआ, जिसमें महिंद्रा ने एसयूवी और एलसीवी दोनों खंड में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की जो कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।''

## चीन ने एक जनवरी से चांदी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया

# चीन की चालबाजी मचाएगी हड़कंप, चांदी को कंट्रोल करेगा ड्रैगन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमत 2.5 लाख रुपए के पास क्या पहुंची दुनियाभर में हड़कंप मच गया। जिस चांदी को लोग पहले आम मेटल समझते थे, अब वो गदर मचा रहा है। वो चांदी अब ग्लोबल पॉलिटिक्स और इकॉनमी के बीच आ खड़ी हुई है।

- बिना सरकार की मंजूरी के चीन से चांदी नहीं बेची जाएगी

चांदी की आसमान छूती कीमतों ने इंतजार कर रहे लोगों को चीन के नए नियम से बड़ा झटका लगेगा। चीन ने 1 जनवरी 2026 से चांदी पर नया नियम लागू कर दिया है। चांदी पर चीन के नए नियम ने कीमतों में गिरावट की उम्मीद खत्म कर दी है। चीन के इस खतरनाक फैसले से आने वाले दिनों में चांदी की कीमत और बढ़ सकती है।

### *भारत पर इस फैसले का असर*

*चीन के इस फैसले से भारत खुद को अलग नहीं कर पाएगा। इसका असर भारत पर भी होगा। यहां भी चांदी की कीमत बढ़ सकती है। भारत अपनी जरूरत की चांदी के लिए आयात पर निर्भर है। सितंबर-अक्टूबर में भारत ने 2600 टन से अधिक चांदी आयात की। पहले से ही भारत में चांदी के रेट ढाई लाख रुपए के भाव पर पहुंच चुके हैं। चीन के नए नियम के बाद चांदी का कीमत और चढ़ने की उम्मीद है।*



*महंगी चांदी के लिए रहिए तैयार : चीन के फैसले से चांदी की सप्लाई बाधित हो सकती है। ऐसे में डिमांड और सप्लाई का संतुलन बिगड़ने से चांदी की कीमत बढ सकते हैं। यानी आने वाले दिनों में चांदी की कीमत चीन कंट्रोल करेगा। कीमत में गिरावट की उम्मीद फिलहाल नहीं दिखती है। चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चांदी का सप्लायर है।*

### चांदी का कहां-कहां इस्तेमाल

चांदी का इस्तेमाल सिर्फ जूलरी में नहीं बल्कि इंडस्ट्रियल भी है। उद्योगों में चांदी का भारी मात्रा में इस्तेमाल होता है। सोलर इंडस्ट्री, इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स इंडस्ट्री में चांदी की भारी डिमांड है। चीन चांदी की सप्लाई को कंट्रोल कर इन सेक्टर के ग्रोथ को प्रभावित कर सकता है। चीन ने अगर चांदी की सप्लाई कम कर दी ईवी व्हीकल्स के रेट बढ़ सकते हैं। टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने यही चिंता सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जाहिर की।

### चीन का चांदी पर नया नियम

चीन चांदी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। 1 जनवरी से चीन ने चांदी के एक्सपोर्ट पर सख्ती का ऐलान कर दिया है। चीन ने साफ कर दिया है कि बिना सरकार की मंजूरी के चीन से चांदी नहीं बेची जाएगी। चीन ने अपने फैसले से चांदी को स्ट्रैटेजिक हथियार बना दिया है। जहां अमेरिका ने चांदी को क्रिटिकल मिनिरल में शामिल किया है तो वहीं चीन ने इसके एक्सपोर्ट पर पांबदी लगा दी है।

### सिर्फ 44 कंपनियों को दिया लाइसेंस

चीन ने इसके लिए 44 कंपनियों को लाइसेंस दिया है। सिर्फ यही कंपनियां चीन में चांदी का एक्सपोर्ट कर सकेंगी। ये ठीक उसी तरह की पाबंदी है, जिस तरह की चीन ने रेयर अर्थ मिनिरल्स पर लगाई थी। चीन ने चांदी के सप्लाई चेन को बिगाड़ते हुए 44 कंपनियों को साल 2026 और 2027 में सिल्वर निर्यात की छूट दी है। चीन के इस फैसले से बड़ा झटका लगने वाला है।

## किआ की बिक्री दिसंबर में हुई दोगुनी से अधिक

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया की दिसंबर में बिक्री दो गुना से अधिक होकर 18,659 इकाई रही। दिसंबर 2024 में यह 8,957 इकाई रही थी। किआ इंडिया ने बयान में कहा कि कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए कुल थोक बिक्री 2,80,286 इकाई रही। यह कैलेंडर वर्ष 2024 की 2,45,000 इकाई से 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) अतुल सूद ने कहा, '' 2025 किआ इंडिया के लिए निरंतर और टिकाऊ वृद्धि का वर्ष रहा।''

## खबर संक्षेप



### एमबाप्पे चोटिल, तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध

**पेरिस।** स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में चोट लगी है और उनका तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध है। रियाल मैड्रिड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि फ्रांस के सुपरस्टार के पांव में मोच आई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह कब तक पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। एलइक्विप के अनुसार एमबाप्पे पिछले कुछ सप्ताह से अपने घुटने के पिछले हिस्से में लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह किए गए एमआरआई में घाव का पता चला जिसके लिए उपचार और आराम की आवश्यकता है। यह स्ट्राइकर शानदार फॉर्म में हैं। इस महीने की शुरुआत में एमबाप्पे ने 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल किया, जिससे उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के क्लब की तरफ से एक साल में सर्वाधिक गोल करने की रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

### टी-20 विश्व कप से पहले मलिंगा बने श्रीलंका के गेंदबाजी सलाहकार

**कोलंबो।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जो कि भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। इस वैश्विक प्रतियोगिता से ठीक पहले श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व दिग्गज लसिथ मलिंगा को अपनी टीम का तेज गेंदबाजी कोच सलाहकार नियुक्त किया है। बोर्ड ने माना कि मलिंगा की नियुक्ति से श्रीलंका का गेंदबाजी सेक्शन अच्छा परफार्म करेगा। बता दें कि विश्व कप में श्रीलंका ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और ओमान के साथ शामिल है।



### कैपिटल्स और पार्ल रॉयल्स की आसान जीत

**केपटाउन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ बोनस अंक भी हासिल किया जबकि एक अन्य मैच में डेविड मिलर के नेतृत्व वाली पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पांच विकेट से हराया। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से विहान लुब्बे ने 36 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 60 रन और शाई होप ने 30 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। लेकिन वह डेवाल्ड ब्रेविस (13 गेंदों पर नाबाद 36 रन, एक चौका, चार छक्के) और शेरफेन रदरफोर्ड (15 गेंदों पर नाबाद 47, छह छक्के) के बीच केवल 27 गेंद पर 86 रन की अटूट साझेदारी थी जिससे प्रिटोरिया की टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही।




### रोबर्टो कार्लोस के दिल की सर्जरी की गई

**साओ पाउलो।** ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस ने पुष्टि की कि बुधवार को उनके दिल की सर्जरी हुई थी और अब वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। कार्लोस ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह मुस्कुरा रहे हैं। इस 52 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे दिल का दौरा नहीं पड़ा। मैं अच्छी तरह से ठीक हो रहा हूं और जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने पेशेवर और व्यक्तिगत कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं। अस्पताल ने बताया कि रॉबर्टो कार्लोस की हालत स्थिर है और चिकित्सा प्रोटोकॉल के कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में में रखा जाएगा।रॉबर्टो कार्लोस ने ब्राजील के लिए 125 मैच खेले।



# परनीत-अभिषेक तीरंदाज टॉप्स कोर समूह में, डोप कलंकित रीतिका बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डोप कलंकित पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किये गए हैं। कोर ग्रुप के खिलाड़ियों की संख्या अब 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा एथलीट हैं।





### डोप टेस्ट में नाकाम रहीं थीं हुड्डा

एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता रीतिका हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी। भारतीय खेल प्राधिकरण के एक सूत्र ने हुड्डा के बारे में पूछने पर बताया अब उन्हें बाहर कर दिया गया है।'' विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन को कोर समूह में रखा गया है जिनके गाइड उमर सैफी पिछले साल अक्टूबर में डोप टेस्ट में नाकाम रहे थे। सूत्र ने कहा ,'' हम आनन फानन में फैसला नहीं लेंगे। वह समूह में है और मिशन ओलंपिक सेल की अगली बैठक में उस पर चर्चा होगी।'' सिमरन पेरिस पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता है।



### तीरंदाजी कंपाउंड की सूची में 8 खिलाड़ी

लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार कंपाउंड तीरंदाजों को ताजा सूची में रखा गया है । तीरंदाजी इन खेलों का हिस्सा होगी। परनीत, अभिषेक और ज्योति सुरेखा समेत आठ कंपाउंड तीरंदाजों को कोर समूह में जगह मिली है जबकि तीन रिकर्व सितारों दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत को भी इसमें शामिल किया गया है । अदिति गोपीचंद स्वामी, ओजस प्रवीण देवताले, प्रियांश, प्रथमेश जावकर और ऋषभ यादव के नाम भी सूची में शामिल हैं।

### खिलाड़ियों को मिलने वाली राशि

टॉप्स में कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल समूह के खिलाड़ियों को 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट ' भत्ता दिया जाता है। इसके अलावा विदेश में ट्रेनिंग और प्रतियोगिता के दौरान 25 डॉलर प्रतिदिन दिये जाते हैं

**एशेज सीरीज 2025-26 : पांचवा और अंतिम टेस्ट 4 से**

# सिडनी के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने 62 तो इंग्लैंड ने जीते हैं केवल 22 टेस्ट मैच, 4 से फिर होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इस समय खेली जा रही एशेज सीरीज 2025-26 का 5वां और आखिरी टेस्ट 4 जनवरी, 2026 से सिडनी के मैदान पर खेला जाएगा। इस समय ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सीरीज में 3-1 से बढ़त बनाई हुई है।

बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम ने पिछले टेस्ट को जीता था और मेहमान टीम आखिरी मैच को भी जीतने की कोशिश करेगी। इस बीच सिडनी में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### सिडनी में इंग्लैंड ने खेले हैं 57 टेस्ट

सिडनी में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 57 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 22 मैच जीते हैं और 27 में हार का सामना किया है। इस बीच 8 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए थे। इंग्लैंड ने यहां आखिरी बार 2011 में टेस्ट जीता था। वहीं इंग्लैंड ने इस मैदान पर उच्चतम स्कोर 644/10 (2011 में) बनाया है। इस मैदान पर इंग्लैंड का न्यूनतम स्कोर 45/10 रन है।

### ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले 103 टेस्ट

कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया ने यहां 103 टेस्ट खेले हैं और उनमें से 62 में जीत हासिल की है। कंगारू टीम को 28 टेस्ट में हार मिली है और टीम ने 23 मैच ड्रा खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने यहां पर पर सर्वोच्च स्कोर 659 रन बनाया है। इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का न्यूनतम स्कोर 42 रन है। ऑस्ट्रेलिया ने 2 स्कोर इंग्लैंड के खिलाफ 600 से अधिक रनों के किए हैं।



### इंग्लैंड के हैमंड, रूट व जॉर्ज का रहा अच्छा प्रदर्शन



वॉली हैमंड सिडनी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इंग्लिश बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां 161.6 की औसत से कुल 808 रन बनाए हैं। जो रूट ने यहां पर 2 मैचों में 55 की औसत से 165 रन बनाए हैं। वहीं, सिडनी में जॉर्ज लोहमैन के नाम एक इंग्लिश गेंदबाज के तौर पर सबसे बेहतरीन गेंदबाजी आंकड़े (1887 में 8/35) और सबसे ज्यादा विकेट (9.45 की औसत से 35 विकेट) लेने का रिकॉर्ड है।

### सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के रिकी, उस्मान, नाथन का रहा है उम्दा प्रदर्शन

सिडनी में सर्वाधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग हैं। उन्होंने यहां 16 टेस्ट में 67.27 की औसत से 1,480 रन (शतक-6) बनाए हैं। स्टीव स्मिथ ने यहां पर 12 टेस्ट में 64.47 की औसत से 1,096 रन (शतक-4) बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा ने 9 टेस्ट में 87.50 की औसत से 875 रन बनाए। गेंदबाजी में नाथन लियोन ने यहां पर 49 विकेट लिए हैं। मिचेल स्टार्क ने 10 टेस्ट में 27 विकेट लिए हैं।

### 5वें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, और ब्यू वेबस्टर।

**टी-20 विश्व कप**

# मिचेल मार्श संभालेंगे ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान, कमिंस शामिल




एजेंसी ▶▶| सिडनी

टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की घोषणा की गई है। मिचेल मार्श की कप्तानी वाली टीम में पैट कमिंस, टिम डेविड और जोश हेजलवुड को भी चुना गया है।

बता दें कि कमिंस, डेविड और हेजलवुड फिलहाल अपनी-अपनी फिटनेस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ मिशेल ओवेन और बेन ड्वार्शियस इस प्रारंभिक टीम में अपनी जगह नहीं बना सके हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने अभियान की शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच से करेगी। ऑस्ट्रेलिया टीम ग्रुप-बी में मौजूद है।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में चुने गए हैं पांच स्पिनर

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से भरी टीम चुनी है, जिसमें एडम जैम्पा स्पिन विभाग की अगुआई करेंगे। उनके साथ मैथ्यू कुह्नमैन, कूपर कोनोली, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट जैसे अन्य स्पिन गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। युवा ऑलराउंडर कोनोली पर भी चयनकर्ताओं ने भरोसा जताया है। उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 22 वर्षीय ये खिलाड़ी इस समय बिग बैश लीग में खेल रहे हैं।

**चोटिल खिलाड़ियों को लेकर क्या बोले चयनकर्ता :** प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, टी-20 टीम ने हाल ही में लगातार सफलता हासिल की है, जिससे हमें श्रीलंका और भारत में मिलने वाली अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से खिलाड़ियों का संतुलन बनाने में मदद मिली।

### ऐसी है ऑस्ट्रेलियाई टीम

टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, और एडम जैम्पा।

**डब्ल्यूपीएल 2026**

# पेरी व सदरलैंड ने नाम लिया वापस अब सयाली और अलाना खेलेंगी




एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने व्यक्तिगत कारणों से विमेंस प्रीमियर लीग 2026 से अपना नाम वापस लिया है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पेरी की जगह सयाली सतघरे को टीम में शामिल किया है। सतघरे 30 लाख रुपये की रिजर्व कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगी। दिल्ली कैपिटल्स ने सदरलैंड की जगह अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।

### 60 लाख में दिल्ली में शामिल होंगी अलाना किंग

ऑस्ट्रेलियाई लेग-स्पिनर किंग पिछले सीजन में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 27 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 18.81 की औसत और 6.49 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं। किंग 60 लाख रुपये की रिजर्व कीमत पर डीसी में शामिल होंगी। वहीं 25 वर्षीय सयाली ने भारत की ओर से 3 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 35.66 की औसत के साथ 3 ही विकेट लिए हैं।

### तारा नॉरिस भी नहीं लेंगी हिस्सा

तेज गेंदबाज तारा नॉरिस को 18 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक नेपाल में होने वाले 2026 आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर के लिए अमेरिका की नेशनल टीम में चुना गया है। इस वजह से वह महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी, जो 9 जनवरी से शुरू हो रही है। यूपी वारियर्स ने उनकी जगह अनकैप्ड ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया है। नॉट को 10 लाख रुपये में जोड़ा गया है।

### 9 जनवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट

महिला प्रीमियर लीग 2025-26 में 9 जनवरी को गत विजेता मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमें आमने-सामने होंगी।

आगामी संस्करण का फाइनल मैच 5 फरवरी को वडोदरा में खेला जाएगा। यह पहली बार है जब महिला प्रीमियर लीग जनवरी-फरवरी विंडो में खेली जाएगी। बता दें कि पहले 3 सीजन आईपीएल से ठीक पहले फरवरी-मार्च में खेले गए थे। आगामी संस्करण का पहला हाफ नवी मुंबई में और दूसरा हाफ वडोदरा में खेला जाएगा।

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और फीडर सीरीज में प्रतिस्पर्धा करेंगे 10 देशों के 334 खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

वडोदरा के सामा इंडोर खेल परिसर में आज शुक्रवार से शुरू हो रहे डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में 10 देशों के लगभग 334 खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का यह दूसरा चरण है जिसमें दो से पांच जनवरी तक अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धा होंगी।



इसके बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज का आयोजन सात से 11 जनवरी तक किया जाएगा। यूथ कंटेंडर में चार देशों के 226 खिलाड़ी भाग लेंगे जबकि फीडर सीरीज में 10 देशों के 108 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे।

यूथ कंटेंडर की शुरुआत शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 एकल मुकाबलों से होगी। वहीं अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 वर्ग की स्पर्धाएं चार और पांच जनवरी को खेली जाएंगी। भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन किया था।

**खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर प्रदर्शन का मौका : मेहता**

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के महासचिव कमलेश मेहता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए अच्छी रैंकिंग जरूरी होती है।

# बिग बैश लीग में मिचेल मार्श ने 55 गेंदों में जड़ा शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पर्थ स्कॉर्चर्स और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने बिग बैश लीग 2025-26 में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ 19वें मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। ये उनके टी-20 करियर का चौथा शतक रहा। उन्होंने सिर्फ 55 गेंदों का सामना कर अपना शतक पूरा किया। बीबीएल में इस खिलाड़ी के बल्ले से निकला यह दूसरा शतक है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं।

मार्श ने 58 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। उनके बल्ले से 11 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी




स्ट्राइक रेट 175.86 की रही। उनके अलावा आरोन हार्डी ने 43 गेंदों का सामना कर 94 रन बनाए। हार्डी और मार्श ने 84 गेंदों में 164 रन की शानदार साझेदारी निभाई। इन दोनों की पारियों के दम पर पर्थ की टीम 229/3 का स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

मार्श ने अब तक 222 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 209 पारियों में लगभग 33 की औसत से 5,500 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 4 शतक के अलावा 34 अर्धशतक भी निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 137.17 की रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने 81 टी-20 की 76 पारियों में 33.06 की औसत और 139.79 की स्ट्राइक रेट से 2,083 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 1 शतक और 11 अर्धशतक निकले हैं।


# पोंटिंग, स्मिथ व क्लॉर्क की तिकड़ी ने एशेज ही नहीं बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में भी ठोके हैं 2,000 से ज्यादा रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच एशेज सीरीज खेली जाती है। ऐसी ही ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तौर पर ऐतिहासिक सीरीज होती है।

ये दोनों सीरीज टेस्ट प्रारूप की सबसे प्रतिस्पर्धी द्विपक्षीय सीरीज मानी जाती हैं। अब तक चुनिंदा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ही एशेज सीरीज के साथ-साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2,000 से अधिक रन बना चुके हैं। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।







### रिकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने एशेज सीरीज में 35 टेस्ट खेले थे, जिसमें 44.21 की औसत के साथ 2,476 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध 8 शतक और 9 अर्धशतक लगाए थे। पोंटिंग को भारत के खिलाफ बल्लेबाजी करना भी पसंद रहा था। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 29 टेस्ट में 54.36 की औसत के साथ 2,555 रन बनाए थे, जिसमें 8 शतक शामिल थे। वह भारत के विरुद्ध सर्वाधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं।

### स्टीव स्मिथ

दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ एशेज सीरीज में फिलहाल तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इंग्लिश टीम के विरुद्ध अब तक 3,500 से ज्यादा रन बना चुके हैं। स्मिथ ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 23 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 44 पारियों में 57.92 की औसत के साथ 2,201 रन बनाए हैं। स्मिथ ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 192 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 10 शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं।

### भारत के खिलाफ 10+ शतक जड़ने वालों में शुमार हैं स्मिथ

स्मिथ भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में कम से कम 10 शतक लगाने वाले 2 बल्लेबाजों में शुमार हैं। बता दें कि इंग्लैंड के जो रूट ने भारत के विरुद्ध सर्वाधिक 13 टेस्ट शतक लगाए हैं।

### माइकल क्लार्क

माइकल क्लार्क भी इस विशेष सूची का हिस्सा हैं। एशेज सीरीज में माइकल क्लार्क ने 35 टेस्ट खेले थे, जिसमें 40.74 की औसत के साथ 2,241 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 7 शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए थे। वहीं, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में क्लार्क ने 22 टेस्ट खेले थे, जिसमें उन्होंने 53.92 की औसत के साथ 2,049 रन बनाए थे। भारत के खिलाफ उन्होंने 7 शतक और 6 अर्धशतक लगाए थे।

# चांद की गुफाओ में घुसकर करेगा खोज, जहां इंसान नहीं पहुंचा; वहां जाएगा रोबोट



**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने चांद की उन जगहों तक पहुंचने के लिए एक खास रोबोट बनाया है, जहां अब तक इंसान या कोई मशीन नहीं पहुंच पाई है। यह रोबोट चांद की गुफाओं और गहरे गड्ढों में उतरकर जांच करने के लिए बनाया गया है। बता दें, इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह बेहद कठिन हालात में भी काम करता रहे। दक्षिण कोरिया के वैज्ञानिकों ने चांद पर खोज के लिए एक अनोखा और मजबूत रोबोट बनाया है। यह रोबोट कोरिया एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी यानी केएआईएसटी की टीम ने बनाया है। इसका मकसद चांद की उन छुपी हुई गुफाओं और गड्ढों को खोजना है। यह उन गड्ढों को खोजेगा जिनके बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं है। वैज्ञानिक मानते हैं कि भविष्य में ये गुफाएं इंसानों के रहने या सुरक्षित ठिकाने के तौर पर काम आ सकती हैं।

### चांद की गुफाओं के लिए डिजाइन

इस रोबोट को खास तौर पर चलने-फिरने में सक्षम और झटके सहने वाला बनाया गया है। चांद की सतह ऊबड़-खाबड़ है। वहां धूल भी बहुत ज्यादा है। ऐसे में आम रोबोट वहां फंस सकते हैं या खराब हो सकते हैं। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए इस रोबोट का ढांचा मजबूत होने के साथ-साथ लचीला भी रखा गया है।



### पहियों की बनावट

रोबोट की सबसे खास चीज इसके पहिए हैं। ये पहिए घुमावदार धातु की पट्टियों से बने हैं। ये पहिए जरूरत के हिसाब से छोटे और बड़े हो सकते हैं। सामान्य हालत में इनका आकार करीब 9 इंच होता है वहीं फैलने पर ये लगभग 19.6 इंच तक के हो जाते हैं। बड़े होने पर ये जमीन पर बेहतर पकड़ बनाते हैं। धूल भरी या टेढ़ी-मेढ़ी सतह पर भी आसानी से चल पाते हैं। छोटे होने पर ये रोबोट को संकरी गुफाओं में जाने में भी काफी मदद करते हैं।

### कठिन टेस्ट में भी रहा मजबूत

रोबोट को धरती पर बेहद सख्त हालात में टेस्ट किया गया। इसे 200 मिलीमीटर तक ऊंची चट्टानों पर चढ़ाया गया। चांद जैसी मिट्टी पर चलाया गया। इसे ऐसे झटकों का सामना कराया गया जैसे चांद की गुरुत्वाकर्षण में 100 मीटर की ऊंचाई से गिराया गया हो। इसके अलावा इसे ड्रोन से गिराया गया. आग के सामने रखा गया। साथ ही बहुत ठंडे तापमान में भी टेस्ट किया गया। सभी टेस्ट के दौरान इसके पहिए सुरक्षित रहे और सही तरीके से काम करते रहे। कार्बन स्टील से बने ये पहिए हल्के होने के साथ-साथ काफी मजबूत भी हैं। यह झटकों को आसानी से झेल सकते हैं।

### पहले के मॉडल से अलग सोच

वैज्ञानिकों ने बताया कि पहले इस्तेमाल होने वाले कुछ रोबोट पहियों में जोड़ या मोड़ वाले डिजाइन होते थे जो चांद की सतह पर जल्दी खराब हो सकते हैं। हालांकि इस नए डिजाइन में ऐसे हिस्से नहीं हैं। जिस वजह से इसके टूटने का खतरा कम हो जाता है। यही कारण है कि इस रोबोट को ज्यादा भरोसेमंद माना जा रहा है।

### क्या है भविष्य की योजना?

वैज्ञानिक आगे चलकर एक बड़े मिशन की योजना बना रहे हैं। इसमें एक बड़ा रोवर कई छोटे रोबोट्स को अपने साथ लेकर जाएगा। ये बड़ा रोवर चांद के गड्ढे के किनारे तक पहुंचेगा। फिर छोटे रोबोट्स को नीचे उतारेगा। ये छोटे रोबोट अपने फैलने वाले पहियों की मदद से सुरक्षित तरीके से नीचे उतरेंगे और गुफाओं के अंदर की जानकारी जुटाएंगे। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन पहियों की लचक और मजबूती की वजह से रोबोट गिरने के बाद भी सही सलामत रहेगा और अपना काम कर पाएगा। यह तकनीक चांद की उन जगहों को समझने में मदद कर सकती है, जहां भविष्य में इंसान कदम रख सकता है।

## रोचक खबरें



## किरिश का गाना सुनेगा? रातों-रात स्टार बना जमशेदपुर का पिंटू

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पिंटू प्रसाद बने 'वायरल बॉय धूम। 'किरिश का गाना सुनेगा' वीडियो ने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। सोशल मीडिया पर एक साधारण सा वीडियो आज करोड़ों दिलों की धड़कन बन गया है। झारखंड के जमशेदपुर के रहने वाले पिंटू प्रसाद ने जब अचानक से 'किरिश का गाना सुनेगा ले बेटा' कहकर कृष फिल्म का हिट गाना 'दिल ना दिया' गुनगुनाया, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह लाइन इंटरनेट पर मीम्स और रील्स का सबसे बड़ा ट्रेंड बन जाएगी। अब लोग उन्हें प्यार से 'वायरल बॉय धूम' कह रहे हैं। 32 वर्षीय पिंटू प्रसाद जमशेदपुर, झारखंड के रहने वाले हैं। बचपन में ही माता-पिता का साया खो दिया और जिंदगी संघर्षों से भरी रही। कठिन हालातों में भी उनकी मस्तीभरी अदाएं और जोशीला अंदाज लोगों को भा गया। पिंटू ने पेट पालने के लिए कभी कचरा बटोरा। कभी शौचालय साफ किए और कभी मृत जानवरों को उठाने का काम किया। गरीबी और अकेलेपन के बीच उनकी बहन ही सबसे बड़ी ताकत बनी. एक अनजाने पल में रिकॉर्ड हुआ वीडियो, जिसमें उन्होंने 'किरिश का गाना सुनेगा ले बेटा' कहकर नाचते-गाते हुए गाना शुरू किया। उनकी ऊर्जा और एक्सप्रेशन ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। यही क्लिप सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई।

## ग्रीनलैंड के समुद्र तल में मिला दुनिया का सबसे गहरा गैस हाइड्रेट

**नुउक।** ग्रीनलैंड के पास समुद्र तल से गहरा फ्रेया गैस हाइड्रेट मिला है, जो मीथेन और अन्य रसायनों से जीवन से भरा हुआ है। यह खोज आर्कटिक समुद्री पारिस्थितिकी और कार्बन चक्र की समझ को बदलती है और भविष्य में संरक्षण की आवश्यकता दिखाती है। ग्रीनलैंड के पश्चिमी सागर तल से गहरा प्राकृतिक गैस हाइड्रेट खोजा गया है, जो अब तक का सबसे गहरा माना जा रहा है। इसे फ्रेया गैस हाइड्रेट माउंड्स कहा गया है और यह अजीब तरह के समुद्री जीवों से भरा हुआ है। इस खोज के दौरान शोधकर्ताओं ने पानी की सतह में गैस के बुलबुले देखे, जिससे उन्हें नीचे छिपे इस अद्भुत संरचना का पता चला है। यूआईटी आर्कटिक यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्वे की टीम और अन्य सहयोगियों के नेतृत्व में महासागर जनगणना आर्कटिक डीप एक्सट्रीम24 अभियान में यह खोज हुई है। उन्होंने रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल भेजकर माउंट्स के नमूने लिए। ये नमूने मीथेन गैस, कच्चे तेल और तलछट में पाए जाने वाले जीवों से भरे हुए थे। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह खोज आर्कटिक समुद्री पारिस्थितिकी और कार्बन चक्र की समझ बदल देती है। फ्रिया माउंड्स में रहने वाले जीव रासायनिक सूक्ष्मजीवों पर निर्भर हैं। ये सूक्ष्मजीव मीथेन, सल्फाइड और अन्य हाइड्रोकार्बन को ऊर्जा में बदलते हैं। समुद्र तल से लगातार इन रसायनों का रिसाव होने के कारण ये जीव सूरज की रोशनी की जरूरत महसूस नहीं करते हैं।



## पेट में मौत का कैप्सूल लेकर घूम रही थीं दो महिलाएं

**ताइपे सिटी।** फ्री में विदेश घूमने और चंद रुपयों की लालच ने दो महिलाओं को ऐसे दलदल में धकेल दिया, जहां से वापसी का रास्ता केवल सलाखों के पीछे जाता है। एयरपोर्ट पर जब इन महिलाओं की तलाशी ली गई, तो अधिकारियों के पैरों तले मानो जमीन ही खिसक गई। दरअसल, इन्होंने अपने शरीर के सबसे निजी अंगों को चलता-फिरता गोदाम बना रखा था। मामला ताइवान के कौशुंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट का है। हवाई अड्डे पर जब 30 और 38 साल की इन दो थाई महिलाओं को रोका गया, तो वे पहले तो एक आम टूरिस्ट की तरह बिहेव कर रही थीं, लेकिन सुरक्षाकर्मियों के सामने वे अधिक समय तक अपनी घबराहट छिपा नहीं पाईं, और पकड़ी गईं। ईटी टुडे और ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी (सीएनए) के अनुसार, यह घटना सितंबर की शुरुआत में हुई थी। जब एयरपोर्ट अथॉरिटी उन्हें हॉस्पिटल ले गई और एक्स-रे कराया, तो शरीर के अंदर का नजारा देखकर डॉक्टर्स भी दंग रह गए। क्योंकि, दोनों महिलाओं के शरीर के अंदर 664 ग्राम हेरोइन के कुल 115 अंडाकार कैप्सूल बड़े सलीके से फिट किए गए थे, जिनकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत करीब 2.15 करोड़ रुपए थी। रिपोर्ट के अनुसार, बड़ी गोलियों को लुब्रिकेंट की मदद से मलाशय में ठूंसा गया था, जबकि छोटी गोलियां निगली गई थीं। डॉक्टरों का कहना था कि अगर शरीर के भीतर एक भी पैकेट लीक हो जाता, तो महिलाओं की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो जाती। हैरानी की बात यह है कि इन महिलाओं ने इस सुसाइड मिशन को सिर्फ 80 हजार रुपए और फ्री में ताइवान घूमने के चक्कर में चुना था। थाईलैंड के एक ड्रग गिरोह ने उनकी गरीबी का फायदा उठाकर उन्हें ड्रग म्यूल बना दिया।



# धरती चुपचाप सूख रही! हर साल 28 करोड़ लोगों का पानी गायब

**वॉशिंगटन।** धरती के बड़े हिस्से तेजी से सूखते जा रहे हैं। इसे वैज्ञानिक भाषा में कॉन्टिनेंटल ड्राइंग कहा जाता है। महाद्वीपों पर मीठे पानी की लगातार कमी होता जा रही है। यह समस्या अब सिर्फ किसी एक इलाके तक सीमित नहीं रही बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है।


## समंदर निगल रहा मीठा जल, प्यास से खत्म होगी आबादी?

### क्यों सूख रही है धरती

एक रिपोर्ट के मुताबिक महाद्वीपों से पानी खत्म होने के कई कारण हैं। बर्फ और ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। जमी हुई जमीन यानी परमाफ्रास्ट टूट रही है। गर्मी बढ़ने से पानी ज्यादा उड़ रहा है। साथ ही सबसे बड़ा कारण है जमीन के नीचे के पानी का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। इस रिपोर्ट में ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका की बर्फ के पिघलने को शामिल नहीं किया गया है।

### समुद्र का बढ़ता स्तर

अब महाद्वीप बर्फ की चादरों से भी ज्यादा समुद्र का स्तर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। हर साल करीब 11.4 ट्रिलियन क्यूबिक फीट पानी जमीन से निकलकर समुद्र में जा रहा है। यह मात्रा इतनी है कि इससे 28 करोड़ लोगों की सालभर की जरूरत पूरी हो सकती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक हर सेकंड चार ओलंपिक साइज स्विमिंग पूल जितना पानी समुद्र में पहुंच रहा है।



### कैसे जुटाया गया डेटा

यह रिपोर्ट 4 नवंबर को वर्ल्ड बैंक ने जारी की है। इसमें नासा के **GRACE** मिशन के 22 साल के आंकड़े शामिल हैं जो धरती के गुरुत्वाकर्षण में होने वाले छोटे बदलावों से पानी की हलचल को मापता है। इसके साथ ही 20 साल के आर्थिक और जमीन के इस्तेमाल से जुड़े आंकड़ों को भी शामिल किया गया है।

### पर्यावरण पर असर

पानी की कमी से जंगलों में आग लगने का खतरा भी बढ़ रहा है। दुनिया के 36 जैव विविधता वाले इलाकों में से कम से कम 17 जगहों पर मीठा पानी घट रहा है। आग का खतरा बढ़ चुका है। इसमें मेडागास्कर, दक्षिण-पूर्व एशिया और ब्राजील के कुछ हिस्से शामिल हैं।

### सूखे इलाकों पर ज्यादा मार

रिपोर्ट बताती है कि हर साल औसतन 3 फीसदी बारिश से मिलने वाला पानी महाद्वीपों से खत्म होता जा रहा है। सूखे और अर्ध-सूखे इलाकों में यह आंकड़ा 10 फीसदी तक पहुंच जाता है। दक्षिण एशिया जैसे इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। हालात और बिगड़ रहे हैं। अलग-अलग सूखे इलाके अब मिलकर बड़े मेगा ड्राइंग क्षेत्रों में बदलते जा रहे हैं। इसका सीधा असर खेती और रोजगार पर पड़ रहा है।

### सबसे बड़ा कारण क्या है?

जमीन के नीचे से पानी निकालना सबसे बड़ा कारण है। ज्यादातर देशों में भूजल की सही निगरानी नहीं है, इसलिए सालों से इसका बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है। जलवायु बदलाव के चलते जैसे-जैसे दुनिया गर्म और सूखी होगी, जमीन के नीचे के पानी पर दबाव और बढ़ेगा. रिपोर्ट के अनुसार, खेती दुनिया के कुल पानी इस्तेमाल का 98 फीसदी हिस्सा लेती है। अगर खेती में पानी का सही इस्तेमाल किया जाए तो बहुत सारा पानी बचाया जा सकता है।

### वर्चुअल वाटर ट्रेड

दुनिया स्तर पर वर्चुअल वाटर ट्रेड भी एक बड़ा समाधान हो सकता है। इसका मतलब है कि देश पानी से जुड़ी चीजें जैसे अनाज या दूसरी फसलें आयात-निर्यात के जरिए एक-दूसरे से पानी का बोझ बांटते हैं। साल 2000 से 2019 के बीच दुनिया में पानी का इस्तेमाल 25 फीसदी बढ़ा है। इसमें से एक-तिहाई बढ़ोतरी उन इलाकों में हुई जो पहले से सूख रहे थे। कई देशों ने ज्यादा पानी वाली फसलों की खेती बढ़ा दी है। बता दें कि सही तरीके से किया गया वर्चुअल वाटर ट्रेड बहुत पानी बचा सकता है। हालांकि रिपोर्ट कहती है कि अगर पानी की मांग को सही तरीके से संभाला जाए पानी को रीसायकल और डिसैलिनेशन के जरिए बढ़ाया जाए साथ ही सही बंटवारा किया जाए तो हालात सुधरे जा सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सही नीतियां, नई तकनीक और लंबे समय की सोच से मीठे पानी का टिकाऊ इस्तेमाल मुमकिन है।

# दुनिया के पांच अजोबीगरीब जीव, जिनके बारे में जानकर चौंक जाएंगे आप

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई तरह के जीव-जंतु पाए जाते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, दुनिया में जीव-जंतुओं की करीब 87 लाख से ज्यादा प्रजातियां हैं, लेकिन इनमें से कई की पहचान अभी भी बाकी है। हम आपको अपनी खबर में आज पांच ऐसे ही जीवों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें दुनिया अजीबोगरीब मानती है यानी वो दिखने में बाकी जीवों से बिल्कुल अलग हैं। कुछ तो ऐसे भी हैं, जिन्हें शायद ही आपने पहले कभी देखा हो।

### अकारी बंदर



आपने बंदर तो बहुत देखे होंगे, लेकिन शायद ही आपने ऐसा देखा होगा। वैसे तो धरती पर बंदर की कई प्रजातियां हैं, लेकिन यह बहुत ही अलग किस्म का बंदर है। इन्हें 'अकारी बंदर' कहा जाता है। इनका शरीर पूरी तरह बालों से ढंका होता है और चेहरा बिल्कुल लाल रंग का होता है। इसके अलावा इनका सिर गंजा होता है। ये दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप में पाए जाते हैं।

### गॉब्लिन शार्क



इन्हें 'भूतिया शार्क' भी कहा जाता है। इनका डरावना चेहरा, भयानक आंखें और खतरनाक जबड़ा किसी को भी डराने के लिए काफी हैं। यह शार्क की बिल्कुल अलग, लेकिन दुर्लभ की प्रजाति है। समुद्र में इनकी मौजूदगी के बारे में सबसे पहले साल 1897 में पता चला था। इसे जापान में पकड़ा गया था।

### बैंगनी मेंढक

शायद ही आपने कभी बैंगनी रंग का मेंढक देखा होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह मेंढक दिखता ही बहुत कम है। यह अपनी जिंदगी का ज्यादातर समय जमीन के नीचे ही बिताता है। इसे साल 2003 में खोजा गया था। बैंगनी मेंढक सिर्फ भारत के पश्चिमी घाट में ही पाए जाते हैं। साल 2008 में इसे दुनिया के 20 सबसे अजीबोगरीब जीवों की सूची में शामिल किया गया था।

### डंबो ऑक्टोपस

डंबो ऑक्टोपस समुद्र की गहराइयों में रहता है। इसे पंखों की तरह दिखने वाले बड़े कान की वजह से जाना जाता है। इनकी आंखों के पंख होते हैं, जिसे देखकर पहचान की जा सकती है। समुद्र के सबसे नीचे रहने वाली प्रजातियों में से एक डंबो ऑक्टोपस भी हैं। यह ऐसे वातावरण में रहते हैं, जहां जमा देने वाली ठंड होती है और दबाव काफी अधिक होता है। यह अपने पंखों के फड़फड़ाकर ही तैरते हैं।

### सॉफ्ट शेल कछुआ

आमतौर पर कछुओं का खोल काफी सख्त होता है, लेकिन यह दुनियाभर में पाए जाने वाले सभी कछुओं से बिल्कुल अलग है, क्योंकि इनका खोल सख्त होने के बजाए बहुत ही मुलायम होता है। भारत में ये गंगा नदी में पाए जाते हैं। ये अपना ज्यादातर समय पानी में ही बिताते हैं। इनकी सबसे बड़ी खूबी है कि ये अपनी त्वचा से भी सांस ले सकते हैं।

## स्पेश मिशनों पर मंडराया खतरा

# नासा के क्लीनरूम से मिले 26 रहस्यमयी जीव

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों को नासा के एक बेहद साफ कमरे में 26 नए तरह के बैक्टीरिया मिले हैं। यह खोज काफी हैरान करने वाली है, क्योंकि इन कमरों को बहुत सावधानी से साफ रखा जाता है। इनका इस्तेमाल बायोटेक्नोलॉजी और मेडिसिन में हो सकता है। नासा के क्लीनरूम्स को धरती की सबसे साफ जगहों में गिना जाता है। वहीं पर वैज्ञानिकों को इन सुपर-क्लीन कमरों में 26 ऐसी नई बैक्टीरिया प्रजातियां मिली हैं। इनके बारे में पहले किसी को जानकारी नहीं थी. ये बैक्टीरिया सालों तक बेहद सख्त सफाई के बावजूद जिंदा रहे थे। इस खोज ने वैज्ञानिकों को फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया है, अंतरिक्ष मिशनों में धरती के जीवाणु कितनी बड़ी चुनौती बन सकते हैं।



### क्या हैं नासा के क्लीनरूम

नासा के क्लीनरूम ऐसे कमरे होते हैं, जहां अंतरिक्ष यान बनाए जाते हैं। यहां इतनी सख्त सफाई होती है कि कोई भी बैक्टीरिया या जीव अंतरिक्ष में न पहुंच पाए. इसके बावजूद वैज्ञानिकों को इन कमरों में 26 नई बैक्टीरिया प्रजातियां मिली हैं। यह खोज हाल ही में एक रिसर्च में सामने आई। बता दें कि वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक ऐसा पल था जब उन्हें सब कुछ रोककर दोबारा जांच करने की जरूरत पड़ी। रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिक अलेक्जेंडर रोसाडो ने बताया कि ये बैक्टीरिया बहुत कम संख्या में थे। लंबे समय तक और अलग-अलग क्लीनरूम्स में मौजूद रहे। इसका मतलब है कि ये जीव बेहद मजबूत हैं और सामान्य सफाई से आसानी से खत्म नहीं होते हैं।

### क्लीनरूम में भी कैसे बचे बैक्टीरिया

नासा के क्लीनरूम्स में हवा को लगातार फिल्टर किया जाता है। नमी को कंट्रोल में रखा जाता है। केमिकल क्लीनर और अल्ट्रावॉयलेट लाइट से बार-बार सफाई की जाती है। इसके बावजूद वैज्ञानिकों का कहना है कि क्लीनरूम का मतलब यह नहीं कि वहां बिल्कुल भी जीवन नहीं है। कुछ बैक्टीरिया ऐसे होते हैं जो कई परिस्थितियों में भी छिपकर जिंदा रह जाते हैं।

# बेहद खूबसूरत दिखता है धरती का 'नर्क'! जरा सी लापरवाही ले सकती है जान

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया का डानाकिल डिप्रेशन दुनिया के सबसे निचले और गर्म स्थानों में से एक है। इस जगह को धरती का मंगल ग्रह कहा जाता है। इसकी वजह है इसका बेहद अजीबोगरीब क्लाइमेट और सल्फ्यूरिक एसिड से भरे पूल. अगर कोई जगह धरती पर 'नर्क' जैसी लगती है तो वो है इथियोपिया का डानाकिल डिप्रेशन. यह अफ्रीका का सबसे निचला इलाका है जो समुद्र तल से 125 मीटर नीचे है। साथ ही ये दुनिया का सबसे गर्म बसा हुआ स्थान है, जहां औसत सालाना तापमान 34-35C रहता है। गर्मियों में टेम्प्रेस्चर 50C से ऊपर चला जाता है।



### एडवेंचर प्रेमियों के लिए जन्नत

ये जगह धरती की नहीं लगती है। ऐसा लगता है कि यह जगह 'अन्य ग्रह' जैसी है। रंग-बिरंगे सल्फर पूल, चमकता लावा लेक और अनंत सफेद नमक मैदान, इस जगह को बेहद खूबसूरत बना देता है। डानाकिल डिप्रेशन अफार ट्राएंगल का हिस्सा है, जहां तीन टेक्टॉनिक प्लेट्स (अफ्रीकी, अरेबियन और सोमाली) अलग हो रही हैं। इससे लगातार ज्वालामुखी गतिविधि, भूकंप और हाइड्रोथर्मल फीचर्स बनते हैं। यहां तीन मुख्य स्पॉट हैं जो पर्यटकों को लुभाते हैं।

### आसान नहीं जाना

यहां पहुंचना आसान नहीं है। यहां के लिए कोई सड़क नहीं है। ना ही टूरिस्ट्स के लिए होटल है और ना ही बाथरूम की सुविधा है। पर्यटक ग्रुप टूर में जाते हैं, जिसमें लोकल गाइड, सशस्त्र गार्ड्स और कैमल जरूरी है। पानी की बोतलें ढेर सारी साथ रखनी पड़ती हैं, क्योंकि गर्मी में पसीना बहुत आता है। फेस वाइप्स से सफाई करनी पड़ती है। यहां घूमने के लिए नवंबर-मार्च का समय सबसे बेस्ट होता है जब तापमान 35-40C रहता है। यहां खतरे भी कम नहीं है। हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, जहरीली गैसें, फिसलन वाले पूल सब इस जगह को खतरनाक बनाते हैं। कुछ साल पहले सिक्योरिटी इश्यू थे, लेकिन अब ज्यादातर जगह सुरक्षित मानी जाती है अगर रेपुटेड टूर ऑपरेटर के साथ जाएं तो।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720
Care With Confidence
NABH
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com